हिमाचल प्रदेश सरकार

श्रम एवं रोज़गार विभाग

वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट

2022-23

हिमाचल प्रदेश सरकार

श्रम एवं रोज़गार विभाग

वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट

2022-23

विषय सूची

क्र0 सं0	अध्याय	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	अध्याय–1	परिचय	1
2.	अध्याय–2	संगठनात्मक ढांचा	2–6
3.	अध्याय–3	(1) रोजगार प्राप्ति से पहले सेवाएं :	
		(क) कौशल विकास भत्ता योजना–2013	6–9
		(ख) हि0 प्र0 औद्योगिक कौशल विकास भत्ता योजना–2018	9–11
		(ग) मॉडल कैरियर सैन्टर	11–13
		(2) रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए सेवाएं :	
		(क) रोज़गार शाखा	14–15
		(ख) फौरन एम्प्लॉयमैंट एण्ड मैनपावर एक्सपोर्ट ब्यूरो	15
		(ग) बेरोज़गारी भत्ता योजना–2017	15–17
		(घ) विशेष रोज़गार कक्ष (अपंगों हेतु)	17
		(ङ) केन्द्रीय रोजगार कक्ष की गतिविधियां	17–18
		(च) रोज़गार बाजार सूचना कार्यक्रम	18–20
		(3) रोजगार प्राप्ति उपरान्त सेवाएं	20
4.	अध्याय–4	श्रम तथा श्रम कल्याण	21–31
5.	अध्याय–5	श्रम न्यायालय एवं औद्योगिक न्याय प्राधिकरण	31–33
6.	अध्याय–6	बजट/वास्तविक खर्च वर्ष	33–37
7.	अध्याय–7	सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत अधिसूचना दिनांक 10–4–2007.	38–41
8.	अध्याय–8	सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत 31 मार्च, 2019 की स्थिति दर्शाती विभागीय ए0पी0आई0ओ0, पी0आई0ओ0 व एपीलेट अथोरिटी का विवरण।	41–49

अध्याय–1

परिचय

श्रम एवं रोज़गार विभाग, वर्ष 1972 से एक अलग विभाग के रूप में अस्तित्व में आया है तब से हिमाचल प्रदेश के मित्रतापूर्ण, परिश्रमी एवं आशावादी लोगों की सेवा में दृढ़संकल्प होकर कार्य कर रहा है।

श्रम एवं रोज़गार विभाग, हिमाचल प्रदेश के लोगों के लिये तीन स्तरों पर सेवाएं उपलब्ध करवाता है :–

1. **रोज़गार प्राप्ति से पहले सेवाएं.**—विभाग अपने रोजगार कार्यालयों के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को कौशल विकास तथा जीविका परामर्श/व्यवसायिक मार्गदर्शन से सम्बन्धित सेवाएं उपलब्ध करवाता है। इसके तहत पात्र युवा आवेदकों को 1000/– रुपये, 1500/– रुपये की दर से कौशल विकास भत्ता प्रतिमाह दिया जाता है, जिससे उनकी दक्षता का स्तर बढे तथा वे आसानी से अपनी आजीविका का निर्वाह कर सके।
2. **रोज़गार उपलब्ध करवाने के लिये सेवाएं.**—विभाग प्रदेश में स्थित रोज़गार कार्यालयों के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र/निजी क्षेत्र के नियोक्ताओं की मांगानुसार पात्र पंजीकृत आवेदक के नामों का सम्प्रेषण करता है। निजी क्षेत्र के नियोक्ताओं की जन–शक्ति की मांग को पूरा करने के लिये केन्द्रीय रोज़गार कक्ष के माध्यम से कैम्पस इन्टरव्यू/रोजगार मेलों का आयोजन करवाया जाता है। इसके अतिरिक्त रोज़गार कार्यालयों (रिक्तियों की अनिवार्य अधिसूचना) अधिनियम, 1959 को लागू करना तथा उक्त अधिनियम के अन्तर्गत सार्वजनिक/निजी क्षेत्र के नियोक्ताओं से रोजगार के आंकड़े एकत्रित करने का कार्य किया जाता है।
3. **रोज़गार प्राप्ति उपरान्त सेवाएं.**—इसके अन्तर्गत श्रम कानूनों (जिनकी संख्या 28 केन्द्रीय एवं राज्य है) के तहत विभिन्न संस्थानों में कार्यरत कामगारों की सेवा शर्तों, सुरक्षा, कल्याण, सामाजिक सुरक्षा तथा कारखानों में औद्योगिक शान्ति, सौहार्दपूर्ण औद्योगिक सम्बन्ध से सम्बन्धित सेवाएं प्रदान करना, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अन्तर्गत श्रमिकों एवं प्रबन्धकों के बीच मामलों को शीघ्रता से निपटाने हेतु स्थापित दो श्रम न्यायालय एवं औद्योगिक प्राधिकरणों में पूर्णकालिक पीठासीन अधिकारी कार्यरत हैं, जिनका मुख्यालय शिमला व धर्मशाला में स्थित है। कारखाना अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत मुख्यतः कारखानों का पंजीकरण, नवीनीकरण तथा उनमें कार्यरत कामगारों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य से सम्बन्धित प्रावधानों का कार्यान्वयन किया जाता है।

श्रम एवं रोजगार विभाग का संगठनात्मक ढांचा तथा वर्ष 2022–23 में इस विभाग द्वारा चलाये गये कार्यक्रमों का ब्योरा, बजट विवरण एवं सूचना का अधिकार अधिनियम से सम्बन्धित सूचना इस प्रशासनिक रिपोर्ट के अगले भागों में दी गयी है।

अध्याय–2

संगठनात्मक ढांचा

2022–23 में श्रम एवं रोज़गार विभाग ने माननीय उद्योग, श्रम एवं रोज़गार मंत्री की देख–रेख में कार्य किया जो इस विभाग के प्रभारी मन्त्री हैं। सरकार स्तर पर सचिवालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव (श्रम एवं रोज़गार) तथा अवर सचिव (श्रम एवं रोज़गार) द्वारा सहयोग दिया गया।

श्रम एवं रोज़गार विभाग के निदेशालय स्तर पर श्रमायुक्त एवं निदेशक रोज़गार "विभागाध्यक्ष" के रूप में कार्यरत हैं।

निदेशालय स्तर पर विभाग मुख्यतः चार भागों में विभाजित है:–

1. (क) निदेशालय स्तर पर श्रम खण्ड का कार्य श्रमायुक्त की देख–रेख में संयुक्त श्रमायुक्त एवं उप–श्रमायुक्त द्वारा संचालित किया जाता है। कारखाना अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत श्रमायुक्त को "मुख्य कारखाना निरीक्षक" घोषित किया गया है तथा संयुक्त–श्रमायुक्त "अतिरिक्त मुख्य कारखाना निरीक्षक" एवं उप–श्रमायुक्त "उप–मुख्य कारखाना निरीक्षक" घोषित किये गये हैं।

   (ख) कारखाना अधिनियम, 1948 को कार्यान्वित करने के लिये दो उप–निदेशक कारखाना के पद सृजित हैं जिनमें से एक शिमला में तथा एक ऊना में स्वीकृत है। एक पद सहायक निदेशक (कारखाना) रसायन का रिक्त है।

   इनका कार्यक्षेत्र निम्न प्रकार से विभाजित है :–

   1. उप–निदेशक कारखाना–शिमला जिला–शिमला, किन्नौर, बिलासपुर, सोलन (बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़ के औद्योगिक क्षेत्र को छोड़कर)।
   2. उप–निदेशक कारखाना, ऊना जिला–कांगड़ा, चम्बा, ऊना, हमीरपुर, मण्डी, कुल्लू, लाहौल–स्पीति व सिरमौर तथा बद्दी, बरोटीवाला तथा नालागढ़ का औद्योगिक क्षेत्र।

   उप–निदेशक (कारखाना) शिमला, निदेशालय का कार्य जो कि कारखाना खण्ड से सम्बन्धित है, भी देख रहे हैं।

   (ग) इसी प्रकार निदेशालय स्तर पर रोज़गार से सम्बन्धित कार्यकलापों के लिये निदेशक रोज़गार की देख–रेख में उप–निदेशक रोज़गार तथा रोज़गार अधिकारी (केन्द्रीय रोजगार कक्ष) कार्यरत रहे हैं जोकि रोज़गार शाखा, राज्य व्यवसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम, अपंगों हेतु विशेष रोज़गार कक्ष, कौशल विकास भत्ता योजना शाखा, हिमाचल प्रदेश औद्योगिक कौशल विकास भत्ता योजना शाखा, बेरोजगारी भत्ता योजना शाखा तथा केन्द्रीय रोजगार कक्ष के कार्यों की देख–रेख करते हैं।

   (घ) विधि शाखा:– श्रम एवं रोजगार विभाग में निदेशालय स्तर पर विभागों के समस्त खण्डों से सम्बन्धित वाद–विवादों/न्यायालय मामलों की देख–रेख व निपटान हेतु विधि खण्ड स्थापित है। जिसका पूर्ण कार्य विधि अधिकारी की देख–रेख में किया जाता है, जोकि विभिन्न न्यायालयों जैसे कि श्रम न्यायालय, दीवानी, फौजदारी, राजस्व न्यायालय, उच्च न्यायालय तथा उच्चतम न्यायालय में विभाग के लम्बित मामलों की पैरवी करते हैं।

श्रम एवं रोजगार विभाग के अधीनस्थ कार्यालयों का विवरण :

(क) श्रम कानूनों को लागू करने के लिये 12 श्रम अधिकारी तथा 33 श्रम निरीक्षक नियुक्त हैं। श्रम अधिकारी तथा उनके कार्यक्षेत्र का विवरण निम्न प्रकार से है :–

1. श्रम अधिकारी, शिमला	उप–मण्डल शिमला (शहरी एवं ग्रामीण), उप–मण्डल चौपाल एवं ठियोग तहसील।
2. श्रम अधिकारी, रामपुर	रामपुर, रोहडू तथा डोडरा–क्वार उप–मण्डल तथा कुमारसैन तहसील, जिला शिमला तथा उप–मण्डल आनी जिला कुल्लू।

3.	श्रम अधिकारी, सोलन	उप–मण्डल सोलन, कण्डाघाट, अर्की तथा कसौली तहसील (बद्दी–बरोटीवाला औद्योगिक क्षेत्र को छोड़कर)।
4.	श्रम अधिकारी, बद्दी	तहसील नालागढ तथा औद्योगिक क्षेत्र बद्दी बरोटीवाला
5.	श्रम अधिकारी, नाहन	जिला सिरमौर
6.	श्रम अधिकारी, मण्डी	जिला मण्डी
7.	श्रम अधिकारी, कुल्लू	जिला कुल्लू (उप–मण्डल आनी को छोड़कर) उदयपुर तथा केलांग उप–मण्डल।
8.	श्रम अधिकारी, किन्नौर	जिला किन्नौर व उप–मण्डल काजा
9.	श्रम अधिकारी, धर्मशाला	जिला कांगडा
10.	श्रम अधिकारी, चम्बा	जिला चम्बा
11.	श्रम अधिकारी, बिलासपुर	जिला बिलासपुर एवं हमीरपुर
12.	श्रम अधिकारी, ऊना	जिला ऊना

(ख) कारखाना अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत प्रदेश को दो खण्डों में विभाजित किया गया है। इनमें से एक खण्ड का मुख्यालय शिमला में स्थापित है जबकि दूसरे खण्ड का मुख्यालय ऊना में स्थापित है।

(ग) रोजगार खण्ड में 3 क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय, 2 विश्वविद्यालय रोज़गार सूचना एवं मार्गदर्शन ब्यूरो, 9 जिला रोजगार कार्यालय तथा 65 उप–रोजगार कार्यालय कार्यरत हैं, जिनका विवरण निम्न प्रकार से है :–

क्रमांक	कार्यालय का नाम	अधीनस्थ कार्यालय का विवरण
1.	क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय, शिमला	कुमारसैन, मशोबरा, ठियोग, रामपुर–बुशैहर, रोहडू, जुब्बल, सुन्नी, चौपाल, चिडगांव, डोडरा–क्वार तथा कुपवी।
2.	क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय, मण्डी	सुन्दरनगर, जोगिन्द्रनगर, करसोग, सरकाघाट, गोहर, पधर, नेरचौक, बालीचौकी तथा थुनाग।
3.	क्षेत्रीय रोज़गार कार्यालय, धर्मशाला	पालमपुर, ज्वाली, नूरपुर, लम्बागांव, नगरोटा–सूरियां, बैजनाथ, इन्दौरा, बड़ोह, देहरा, फतेहपुर, कस्बा–कोटला, कांगड़ा, ज्वालामुखी तथा नगरोटा बगवां।
4.	जिला रोज़गार कार्यालय चम्बा	डलहौजी, भरमौर, पांगी, चुवाडी, तीसा एवं सलूणी स्थित सुन्डला।
5.	जिला रोज़गार कार्यालय, हमीरपुर	नदौन, भोरंज, बड़सर एवं सुजानपुर
6.	जिला रोजगार कार्यालय, बिलासपुर	घुमारवीं एवं श्री नैना देवी जी
7.	जिला रोजगार कार्यालय, कुल्लू	बंजार एवं आनी
8.	जिला रोज़गार कार्यालय, सोलन	नालागढ, अर्की, कसौली एवं बद्दी
9.	जिला रोजगार कार्यालय, नाहन	पांवटा साहिब, राजगढ, शिलाई, संगड़ाह, सराहां एवं कमरऊ।
10.	जिला रोज़गार कार्यालय, केलांग	काज़ा एवं उदयपुर
11.	जिला रोजगार कार्यालय किन्नौर स्थित रिकांगपिओ।	पूह एवं निचार
12.	जिला रोजगार कार्यालय, ऊना	अम्ब, हरोली एवं बंगाणा
13.	सूचना एवं मार्गदर्शन केन्द्र हि0 प्र0 विश्वविद्यालय, शिमला।	इस कार्यालय के अधीन कोई कार्यालय नहीं है
14.	सूचना एवं मार्गदर्शन केन्द्र हि0 प्र0 विश्वविद्यालय, पालमपुर।	–यथोपरि –
15.	निदेशालय श्रम एवं रोज़गार में स्थित	केन्द्रीय रोज़गार कक्ष
16.	निदेशालय श्रम एवं रोज़गार में स्थित	विशेष रोज़गार कार्यालय (अपंगों हेतु)

3. वर्ष 2022–23 में श्रम एवं रोज़गार विभाग में अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति/नियुक्ति तथा पदोन्नति का विवरण :

1. नई नियुक्तियां :		
(1)	सहायक निदेशक रसायन अनुबन्ध आधार पर	1
(2)	जूनियर ऑफिस एसिस्टेंट (आई0टी) अनुबन्ध आधार पर	2
(3)	लिपिक, अनुबन्ध आधार पर	1
(4)	स्टैनो टाईपिस्ट अनुबन्ध आधार पर	1
(5)	चपड़ासी अनुबन्ध आधार पर	3
2. पदोन्नतियां :		
(1)	जिला रोज़गार अधिकारी	2
(2)	श्रम अधिकारी	3
(3)	रोज़गार अधिकारी	5
(4)	श्रम निरीक्षक	1
(5)	कनिष्ठ आशुलिपिक	2
3. पदस्थापित		
(1)	कनिष्ठ सहायक के पद पर स्थापित	24
4. 20 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण करने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को एक–7 अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ दिया गया।		
5. सेवानिवृत्त :		
(1)	प्रथम श्रेणी	3
(2)	द्वितीय श्रेणी	5
(3)	चतुर्थ श्रेणी	6

श्रम एवं रोज़गार विभाग में दिनांक 31–3–2023 तक कुल 479 पद स्वीकृत हैं जिनमें से 179 पद रिक्त हैं जिनका ब्यौरा निम्न प्रकार से है :–

क्रमांक	पद का नाम	स्वीकृत पद	भरे पद	रिक्त पद	खाली पदों की प्रतिशतता
1.	श्रमायुक्त एवं निदेशक रोज़गार (भा.प्र.से.)	1	1	–	–
2.	पीठासीन अधिकारी	2	2	–	–
3.	संयुक्त श्रमायुक्त	1	–	1	–
4.	उप–श्रमायुक्त	1	1	–	–
5.	उप–निदेशक रोज़गार	1	–	1	–
6.	उप–निदेशक कारखाना	1	1	–	–
7.	सहायक निदेशक कारखाना, (मकैनिकल/कैमिकल)	2	2	–	–
8.	जिला रोज़गार अधिकारी	13	12	1	–
9.	अधीक्षक, ग्रेड-I	1	1	–	–
10.	श्रम अधिकारी	12	10	2	–
11.	रोज़गार अधिकारी	20	14	6	–
12.	विधि अधिकारी	1	1	–	–
13.	निजी सहायक	1	1	–	–

क्रमांक	पद का नाम	स्वीकृत पद	भरे पद	रिक्त पद	खाली पदों की प्रतिशतता
14.	अधीक्षक, ग्रेड-II	12	10	2	–
15.	वरिष्ठ आशुलिपिक	2	2	–	–
16.	वरिष्ठ सहायक	62	16	46	–
17.	सांख्यिकीय सहायक	11	4	7	–
18.	श्रम निरीक्षक	33	23	10	–
19.	प्रोग्राम प्लानिंग ऑफिसर	1	1	–	–
20.	कनिष्ठ आशुलिपिक	1	1	–	–
21.	आशुटंकक	4	1	3	–
22.	चालक	5	4	1	–
23.	लिपिक/कनिष्ठ सहायक	60	48	12	–
24.	जूनियर ऑफिस असिस्टैंट	98	34	64	–
25.	दफ्तरी	4	1	3	–
26.	चौकीदार	13	3	10	–
27.	चपड़ासी	115	105	10	–
28.	फ्राश	1	1	–	–
	जोड ..	479	300	179	37.36%

श्रम एवं रोज़गार विभाग, हिमाचल प्रदेश के अधीन वित्त वर्ष 2022–23 में 112 कार्यालय कार्यरत हैं।

(क) विभागीय 40 कार्यालय जो सरकारी भवनों में हैं.—श्रम न्यायालय एवं औद्योगिक प्राधिकरण शिमला तथा धर्मशाला, क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय शिमला, विश्वविद्यालय रोज़गार सूचना एवं मार्गदर्शन ब्यूरो शिमला एवं पालमपुर, जिला रोज़गार कार्यालय कुल्लू, किन्नौर, उप–रोजगार कार्यालय, तीसा, बंगाणा, हरोली, बन्जार, बालीचौकी, थुनाग, बद्दी, पांवटा–साहिब, भोरंज, ज्वाली, ज्वालामुखी, नूरपुर, नगरोटा–बगवां, लम्बागांव, काजा, रामपुर, चिढ़गांव, रोहड़ू, चौपाल, डोडरा–क्वार तथा निचार, बड़ोह, श्रम कार्यालय, शिमला, रामपुर, बददी, कुल्लू, मण्डी, चम्बा, तथा श्रम निरीक्षक कार्यालय रोहड़ू, नूरपुर, जोगिन्द्रनगर व पांवटा ।

(ख) विभागीय 44 कार्यालय जो विभागीय भवनों में हैं.—श्रम एवं रोज़गार निदेशालय शिमला, उप–निदेशक कारखाना शिमला, उप–निदेशक कारखाना ऊना, विशेष रोज़गार कक्ष (अपंगों हेतु), केन्द्रीय रोज़गार कक्ष, क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय, मण्डी, धर्मशाला, जिला रोज़गार कार्यालय, चम्बा, ऊना, बिलासपुर, नाहन, हमीरपुर, सोलन तथा उप–रोजगार कार्यालय, पांगी, चुवाड़ी, घुमारवीं, अम्ब, सरकाघाट, जोगिन्द्रनगर, गोंहर, सुन्दरनगर, नालागढ़, सराहन, संगड़ाह, नादौन, सुजानपुर, नगरोटा–सूरियां, इन्दौरा, फतेहपुर, पालमपुर, देहरा तथा उदयपुर, पूह, श्रम कार्यालय, सोलन, बिलासपुर, ऊना व नाहन तथा श्रम निरीक्षक कार्यालय, टाहलीवार, अम्ब, सुन्दरनगर, हमीरपुर, देहरा, पालमपुर, नालागढ़, नाहन।

(ग) शेष 28 कार्यालय निजी भवनों में स्थित हैं।

क्रम संख्या	कार्यालय का नाम	प्राप्त प्राक्कलन	2022–23 में कुल प्राप्त बजट (कैपिटल वर्क्स) (1) 4250–पूंजीगत परिव्यय–00–अन्य सामाजिक सेवाएं–201–श्रम–01 (मुख्य निर्माण कार्य) (योजना) (सून) 1.03 करोड़। (2) 4250– पूंजीगत परिव्यय–00–अन्य सामाजिक सेवाएं–789–अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम–01 –भवन निर्माण विकास कार्यक्रम (सून) 0.12 करोड़।
			आबंटित बजट
1.	उप–रोजगार कार्यालय, करसोग, जिला मण्डी, हि0 प्र0।	रु0 68,67,600/–	(1) रु0 56,67,600/– (2) रु0 12,00,000/– **कुल रु0 68,67,600/–**
2.	जिला रोजगार कार्यालय किन्नौर स्थित रिकॉंगपिओ, हि0 प्र0।	रु0 3,17,800/–	(1) रु0 3,17,800/– **कुल रु0 3,17,800/–**
3.	उप–रोजगार कार्यालय, कमरऊ, जिला सिरमौर, हि0 प्र0।	रु0 78,27,700/–	(1) रु0 43,14,600/– **कुल रु0 43,14,600/–**
	वित्त वर्ष 2022–23 में कुल प्राप्त बजट का ब्यौरा। (1) 4250–पूंजीगत परिव्यय–00–अन्य सामाजिक सेवाएं–201–श्रम–01 (मुख्य निर्माण कार्य) (योजना) (सून) **1.03 करोड़।** (2) 4250–पूंजीगत परिव्यय–00–अन्य सामाजिक सेवाएं–789–अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम–01–भवन निर्माण विकास कार्यक्रम (सून) **0.12 करोड़।** **कुल रु0 1.15 करोड़।**		वित्त वर्ष 2022–23 में (1) 4250–पूंजीगत परिव्यय–00–अन्य सामाजिक सेवाएं– 201–श्रम–01 (मुख्य निर्माण कार्य) (योजना) (सून)शीर्ष में कुल प्राप्त बजट रु0 1,03,00,000 की राशि का ही व्यय हुआ है। (2) 4250–पूंजीगत परिव्यय–00–अन्य सामाजिक सेवाये– 789–अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम–01–भवन निर्माण विकास कार्यक्रम (सून) में कुल प्राप्त बजट रु0 12,00,000 की राशि का ही व्यय हुआ है।

नोट.—तालिका में अंकित कार्यालय उपरोक्त वर्णित कार्यालयों में ही सम्मिलित है।

अध्याय–3

रोजगार प्राप्ति से पहले व रोजगार प्राप्ति उपरान्त सेवाएं

जैसा कि इसी वार्षिक प्रशासनिक प्रतिवेदन के परिचय में वर्णित है। विभाग हिमाचल प्रदेश की जनता को तीन स्तरों पर सेवाएं प्रदान करता है।

(1) रोज़गार प्राप्ति से पहले सेवाएं

(क) कौशल विकास भत्ता योजना 2013 :

- स्किल डवैलपमैन्ट अलाऊंस स्कीम, 2013 अर्थात् कौशल विकास भत्ता योजना को हि0प्र0 सरकार द्वारा अधिसूचना संख्या–श्रम (डी) 1–2/2013 दिनांक 21–5–2013 द्वारा अधिसूचित किया गया तथा अधिसूचना की तिथि से लागू किया जा रहा है।

- **योजना का उद्देश्य.**–कौशल विकास भत्ता योजना का उद्देश्य हि० प्र० के पात्र बेरोज़गार युवाओं को उनके कौशल विकास हेतु भत्ता प्रदान करना है, ताकि युवा अपने कौशल का विकास कर पायें और अपनी रुचि के क्षेत्र में रोज़गार या स्वरोज़गार अर्जित करने हेतु समर्थ हों।

- **कौशल विकास भत्ते की दर.**—योजना के अन्तर्गत पात्र हिमाचली आवेदकों को रु० 1000/– प्रतिमाह की दर से व 50 प्रतिशत या इससे अधिक स्थायी दिव्यांग आवेदकों को रु० 1500/– प्रतिमाह की दर से कौशल विकास भत्ता प्रशिक्षण के दौरान अधिकतम दो वर्ष तक देय है।

- **कौशल विकास भत्ता हेतु पात्रता शर्तें.**—कौशल विकास भत्ता हेतु पात्रता शर्तें निम्नलिखित हैं :

1. आवेदक हिमाचल प्रदेश का वास्तविक निवासी हो,
2. बेरोजगार (न सरकारी, न निजी रोज़गार, न ही स्वरोजगार) हो,
3. कम से कम 8वीं पास हो (मिस्त्री, बढ़ई, लुहार व पलम्बर आदि में प्रशिक्षण हेतु शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य नहीं है),
4. आयु 16 से लेकर 36 वर्ष से कम (विधवाओं के लिए ऊपरी आयु सीमा 45 वर्ष से कम),
5. पारिवारिक वार्षिक आय 2 लाख रुपये से कम,
6. आवेदन की तिथि को आवेदक हि० प्र० के किसी रोज़गार कार्यालय में पंजीकृत होना चाहिये,
7. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कौशल विकास पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा/रही हो।

- **कौशल विकास भत्ता तथा लाभार्थियों का विवरण.**–योजना के प्रारम्भ से दिनांक 31–03–2023 तक 3,95,867 अभ्यर्थियों को रु० 397.30 करोड़ की राशि कौशल विकास भत्ते के रूप में विभाग द्वारा वितरित की जा चुकी है। वित्तीय वर्ष अनुसार व जिलावार ब्यौरा निम्न प्रकार से है:–

वित्तीय वर्ष	लाभार्थियों की संख्या	प्रदान किए गए भत्ते की राशि रु० में
2013–14	**42,077**	13,96,48,500
2014–15	**52,815** (21,126 ऐसे लाभार्थी हैं जो पिछले वित्तीय वर्ष से जारी कर रहे हैं और 31,689 आवेदक इस वित्तीय वर्ष में इनरोल किए गए)	28,69,15,854
2015–16	**67,753** (जिनमें कि 27,221 अभ्यर्थी पिछले वित्तीय वर्षों से जारी कर रहे हैं तथा 40,532 इस वित्तीय वर्ष के नए अभ्यर्थी हैं)	40,00,74,500
2016–17	**80,606** (जिनमें कि 28,729 अभ्यर्थी पिछले वित्तीय वर्षों से जारी कर रहे हैं तथा 51,877 इस वित्तीय वर्ष के नए अभ्यर्थी हैं)	53,68,09,731
2017–18	**90,428** (जिनमें कि 40,349 अभ्यर्थी पिछले वित्तीय वर्षों से जारी कर रहे हैं तथा 50,079 इस वित्तीय वर्ष के नए अभ्यर्थी हैं)	58,46,26,000
2018–19	**80,656** (जिनमें कि 32,136 अभ्यर्थी पिछले वित्तीय वर्षों से जारी कर रहे हैं तथा 48,520 इस वित्तीय वर्ष के नए अभ्यर्थी हैं)	56,78,42,500
2019–20	**73,210** (जिसमें कि 32,441 अभ्यर्थी पिछले वित्तीय वर्षों से जारी कर रहे हैं तथा 40,769 इस वित्तीय वर्ष में नए अभ्यर्थी हैं)	45,89,30,000

वित्तीय वर्ष	लाभार्थियों की संख्या	प्रदान किए गए भत्ते की राशि रु0 में
2020–21	55,060 (जिसमें कि 40,642 अभ्यर्थी पिछले वित्तीय वर्षों से जारी कर रहे हैं तथा 14,418 इस वित्तीय वर्ष में नए अभ्यर्थी हैं)	26,10,60,000
2021–22	48,628 (जिसमें कि 14,082 अभ्यर्थी पिछले वित्तीय वर्षों से जारी कर रहे हैं तथा 34,546 इस वित्तीय वर्ष में नए अभ्यर्थी हैं)	26,28,81,500
2022–23	71,926 (जिसमें कि 30,566 अभ्यर्थी पिछले वित्तीय वर्षों से जारी कर रहे हैं तथा 41,360 इस वित्तीय वर्ष में नए अभ्यर्थी हैं)	47,42,23,000
कुल	**3,95,867** (रिपीट कर रहे अभ्यर्थियों को नहीं जोड़ा गया है।)	**3,97,30,11,585**

- वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान लाभार्थियों एवं भत्ते का जिलावार ब्यौरा निम्न प्रकार से है:–

क्र0 सं0	जिला का नाम	लाभार्थी			वितरित भत्ता राशि रु0 में
		पिछले वित्तीय वर्षों से जारी	इस वित्तीय वर्ष के नए	कुल	
1.	कांगड़ा	6759	10092	16851	114299000
2.	मण्डी	5939	8278	14217	93640500
3.	सिरमौर	1574	3884	5458	38102500
4.	ऊना	2332	3766	6098	39554000
5.	हमीरपुर	3997	2683	6680	34059000
6.	बिलासपुर	2285	3227	5512	39301500
7.	कुल्लू	1615	1930	3545	23998000
8.	चम्बा	1615	2369	3984	31268000
9.	शिमला	1720	2391	4111	28353000
10.	सोलन	2574	2583	5157	29538500
11.	किन्नौर	144	137	281	1908000
12.	लाहौल–स्पीति	12	20	32	201000
	कुल ..	**30,566**	**41,360**	**71,926**	**47,42,23,000**

- **कौशल विकास भत्ता योजना के अन्तर्गत मान्य प्रशिक्षण.**–कौशल विकास भत्ता योजना के अन्तर्गत मान्य प्रशिक्षणों बारे गाईडलाइन्ज/सूची तैयार की गई। इन गाईडलाइन्ज को सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है जो कि विभागीय वैबसाईट पर उपलब्ध है।

इन गाईडलाइन्ज अनुसार कौशल विकास भत्ता योजना के अन्तर्गत मान्य प्रशिक्षण मुख्यतः

(1) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, पॉलीटैक्नीकल कॉलेजों द्वारा दिए जा रहे डिप्लोमा प्रशिक्षण व सर्टिफिकेट कोर्स, एन0एस0क्यू0एफ0 (NSQF), एन0सी0वी0टी0 (NCVT) एस0सी0वी0टी0 (SCVT) तथा सरकार द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रशिक्षण व कोर्स।

(2) राष्ट्रीय होटल प्रबन्धन कौंसिल से मान्यता प्राप्त होटल प्रबन्धन व हास्पीटैलिटी में डिप्लोमा व सर्टिफिकेट प्रशिक्षण व कोर्स।

(3) कम्प्यूटर व सूचना प्रौद्योगिकी में सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों द्वारा करवाए जा रहे डिप्लोमा प्रमाण–पत्र प्रशिक्षण, सरकार व इसके निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों और राष्ट्रीय स्तर के निजी क्षेत्र के संस्थान जिनमें कि राष्ट्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (NIIT), एप्टैक (Aptech), जैटकिंग (Jetking), ए0आई0एस0ई0सी0टी0 (AISECT), हिन्दुस्तान कम्प्यूटर्ज समिति (HCL) शामिल हैं द्वारा कम्प्यूटर व सूचना प्रौद्योगिकी में करवाए जा रहे डिप्लोमा प्रमाण–पत्र प्रशिक्षणों (बशर्ते निजी प्राधिकृत संस्थानों को जिला स्तरीय समितियों द्वारा अनुशासित किया गया हो) के अतिरिक्त।

(4) जिला स्तरीय समितियों द्वारा प्राधिकृत संस्थानों के मुख्यतः कटिंग, टेलरिंग, ब्यूटीशियन, कढ़ाई, बुनाई, फैशन डिज़ाइनिंग, सॉफ्ट टॉय मेकिंग, मोबाईल रिपेयर, चम्बा रूमाल एम्ब्रॉयडरी, मूर्ति कला, बैम्बू आर्टिकल, इलैक्ट्रीशियन, हैन्डलूम, शौर्ट हैन्ड टाइपिंग आदि में दिए जा रहे प्रशिक्षण जो कि युवाओं को स्वयं रोजगार उपलब्ध करवाने में सहायक हैं, योजना के अन्तर्गत मान्य हैं।

(5) नर्सिंग क्षेत्र में रोजगार की अधिक सम्भावनाओं के अनुरूप नर्सिंग में डिप्लोमा व सर्टिफिकेट प्रशिक्षण के अलावा बी0एस0सी0 नर्सिंग एवं नर्सिंग में अन्य स्नातक प्रशिक्षणों जो सरकारी व सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों से किये जा रहे हों को भी योजना के अन्तर्गत अप्रैल 2015 से शामिल किया गया है।

(6) इसके अतिरिक्त हि0 प्र0 सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के घुनिन्दा महाविद्यालयों द्वारा **B. Voc. Education (Retail Management and Tourism & Hospitality)** को भी फरवरी, 2017 से योजना के अन्तर्गत शामिल किया गया।

इस समय लगभग 1200 से अधिक प्रशिक्षण संस्थानों/निकायों (सरकारी संस्थाओं तथा सरकार से मान्यता प्राप्त गैर सरकारी संस्थानों और प्रशिक्षण संस्थान जिन्हें कि जिला स्तरीय समितियों द्वारा अनुशासित/इम्पैनल किया गया है) द्वारा करवाए जा रहे प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत मान्य हैं। प्रशिक्षण संस्थानों/निकायों बारे सूचना विभागीय वैबसाईट पर भी उपलब्ध है।

कौशल विकास भत्ते का भुगतानः कौशल विकास भत्ते का भुगतान पात्र प्रशिक्षणार्थियों को सीधा उनके बैंक खातों में ऑनलाईन अदा किया जाता है।

(ख) हि0 प्र0 औद्योगिक कौशल विकास भत्ता योजना, 2018:

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा उद्योगों में रोजगार प्राप्त युवाओं को 2 वर्ष तक कौशल विकास भत्ता प्रदान करने बारे लिए गए निर्णय को लागू करने के आशय से विभाग द्वारा हिमाचल प्रदेश औद्योगिक कौशल विकास भत्ता योजना, 2018 को 2–11–2018 को अधिसूचित किया गया और क्रियान्वित किया जा रहा है। योजना के अन्तर्गत योजना की अधिसूचना की तिथि अर्थात् 2–11–2018 से उद्योगों में नियुक्त नए कामगारों/कर्मचारियों/प्रशिक्षुओं जो निम्नलिखित पात्रता शर्तें पूरा करते हैं, को नौकरी/इन्टर्नशिप के दौरान कौशल विकास हेतु रु0 1000/– प्रति माह तथा 50 प्रतिशत या इससे अधिक स्थायी दिव्यांग आवेदकों को रु0 1500/– प्रतिमाह की दर से, औद्योगिक कौशल विकास भत्ता का दो वर्ष (24 माह) तक प्रावधान है, ताकि उद्योगों में कार्यरत युवा ऑनजॉब प्रशिक्षण प्राप्त कर रोज़गार के बेहतर विकल्पों का लाभ उठा सकें।

पात्रता शर्तें :

1. आवेदक हिमाचल प्रदेश का वास्तविक निवासी हो,

2. हिमाचल प्रदेश में निजी औद्योगिक संस्थान जोकि कारखाना अधिनियम, 1948 की धारा 2 (एम) (आई) के अन्तर्गत पंजीकृत हो, में अधिसूचना की तिथि अर्थात् 2–11–2018 और इसके उपरान्त नया कामगार/कर्मचारी/प्रशिक्षु नियुक्त किया गया हो तथा कुल वेतन/स्टाइपेण्ड रु0 15000 या इससे कम हो।

3. शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य नहीं है

4. आयु 18 से लेकर 36 वर्ष से कम हो

5. नियोक्ता द्वारा मुफ्त में आवासीय सुविधा प्रदान न की गई हो

6. पहले 24 माह तक कौशल विकास भत्ता या बेरोजगारी भत्ता प्राप्त न किया हो। लेकिन 24 माह से कम समय हेतु कौशल विकास भत्ता या बेरोज़गारी भत्ता प्राप्त करने की स्थिति में शेष समय हेतु औद्योगिक कौशल विकास भत्ता हेतु अन्य पात्रता मापदण्ड पूरा करने पर पात्र होंगे।

7. वह सरकार का बर्खास्त कर्मचारी नहीं होना चाहिए

8. वह किसी ऐसे अपराध में अभियुक्त न हो जिसकी वजह से 48 घण्टे या इससे अधिक के कारावास की सजा हुई हो।

9. आवेदन की तिथि को आवेदक हि0 प्र0 के किसी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत हो।

हिमाचल प्रदेश औद्योगिक कौशल विकास भत्ता योजना के अन्तर्गत दिनांक 31–03–2023 तक 4,246 पात्र आवेदकों को रु0 4.86 करोड़ औद्योगिक कौशल विकास भत्ता प्रदान किया गया। वित्तीय वर्ष अनुसार ब्यौरा निम्न प्रकार से है:–

वित्तीय वर्ष	लाभार्थियों की संख्या	प्रदान किए गए भत्ते की राशि रु0 में
2019–20	202	8,63,000
2020–21	2,740 (जिनमें कि 180 अभ्यर्थी पिछले वित्तीय वर्षों से जारी कर रहे हैं तथा 2,560 इस वित्तीय वर्ष मे नए अभ्यर्थी हैं)	84,34,000
2021–22	**2,613** (जिनमें कि 1,474 अभ्यर्थी पिछले वित्तीय वर्षों से जारी कर रहे हैं तथा 1,139 इस वित्तीय वर्ष में नए अभ्यर्थी हैं)	2,57,84,500
2022–23	1,673 (जिनमें कि 1,328 अभ्यर्थी पिछले वित्तीय वर्षों से जारी कर रहे हैं तथा 345 इस वित्तीय वर्ष में नए अभ्यर्थी हैं)	1,35,94,000
कुल ..	**4,246** (रिपीट कर रहे अभ्यर्थियों को नहीं जोड़ा गया है)	**4,86,75,500**

वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान लाभार्थियों एवं भत्ते का जिलावार ब्यौरा निम्न प्रकार से है:–

क्र0 सं0	जिला का नाम	लाभार्थी			वितरित भत्ता राशि रु0 में
		पिछले वित्तीय वर्षों से जारी	इस वित्तीय वर्षों से जारी	कुल	
1.	कांगड़ा	88	43	131	1632500
2.	मण्डी	68	49	117	1187500
3.	ऊना	143	41	184	1577000
4.	सिरमौर	169	48	217	2318000
5.	हमीरपुर	52	20	72	683000
6.	बिलासपुर	29	14	43	575000
7.	कुल्लू	40	7	47	475000
8.	चम्बा	19	7	26	262000
9.	शिमला	44	19	63	669000
10.	सोलन	662	97	759	4078000
11.	किन्नौर	14	0	14	137000
12.	लाहौल–स्पीति	0	0	0	0
	कुल ..	**1328**	**345**	**1,673**	**1,35,94,000**

व्यवसायिक मार्गदर्शन तथा रोजगार परामर्श: विभाग प्रदेश के युवाओं का व्यवसायिक मार्गदर्शन तथा कांऊसलिंग से सम्बन्धित कार्यों का क्रियान्वयन भी करता है तथा इसी आशय से जिला रोजगार कार्यालयों को मॉडल कैरियर सैन्टर में बदला जा रहा है। माननीय मुख्य मन्त्री हिमाचल प्रदेश द्वारा सभी जिला रोजगार कार्यालयों में व बड़े महाविद्यालयों में युवाओं के मार्गदर्शन के लिए रोजगार सैल (Cell) खोले जाने से सम्बन्धित घोषणा के क्रियान्वयन हेतु भी विभाग द्वारा आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इस आशय से हि0 प्र0 सरकार द्वारा दिनांक 20–11–2018 को गाईडलाईन्स जारी की गई है। युवाओं को प्रभावी ढंग से मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से प्रत्येक जिलों में उप–मण्डलाधिकारी (नागरिक) की अध्यक्षता में हि0 प्र0 सरकार के 16 विभागों/संस्थाओं के प्रतिनिधियों की टीमें गठित की गई हैं और इन टीमों द्वारा सम्बन्धित रोजगार कार्यालयों के अतिरिक्त प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर बेरोजगार युवाओं को कौशल विकास, रोजगार के विभिन्न उपलब्ध विकल्पों, रोजगार व स्वरोजगार अवसरों बारे तथा युवाओं से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं बारे उचित जानकारी/मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त विभाग 1 कैरियर कॉउंसलर एवं 11 यंग प्रोफेशनल भी नियुक्त किए गए हैं, जो कि विभाग में व्यवसायिक मार्गदर्शन तथा कांऊसलिंग से सम्बन्धित सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। नवम्बर 2018 से दिनांक 31–03–2023 व्यवसायिक मार्गदर्शन तथा कौंसलिंग कार्यक्रम के अन्तर्गत 1,20,105 युवा लाभान्वित हुए हैं, जबकि वित्तीय वर्ष 2022–23 में 42,643 युवा लाभान्वित हुए हैं।

इसके अतिरिक्त स्टेशनरी छपवाने के लिये 2,34,000 रु0 का बजट प्रावधान रखा गया था। जिससे 50,000 फार्म, 3,00,000 X-1 कार्ड व 50,000 X-10 कार्ड तथा कार्यालय में प्रयोग होने वाले अन्य फार्म छपवाये गये और पूरे बजट को व्यय किया गया।

(ग) युवाओं के व्यावसायिक तथा जीविका मार्गदर्शन के लिये आदर्श आजीविका केन्द्र (Model Career Centers) की स्थापना :

श्रम और रोज़गार मंत्रालय एवं भारत सरकार ने 20 जुलाई, 2015 को राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) योजना शुरू की है। जिसका उद्देश्य युवाओं को विभिन्न प्रकार की रोज़गार सम्बन्धी सेवाएं प्रदान करना है। राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) योजना का एक महत्वपूर्ण घटक मंत्रालय द्वारा निर्धारित दिशा–निर्देशों के अनुसार मौजूदा रोज़गार एक्सचेंजों को मॉडल कैरियर केन्द्रों में बदलना है। हिमाचल प्रदेश के लिए 2 मॉडल कैरियर केन्द्रों ऊना और शिमला की जगह कुल्लू को भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है। तदनुसार बद्दी औद्योगिक क्षेत्र सहित शेष जिलों में एशियाई विकास बैंक के वित्त पोषण के साथ मॉडल कैरियर केंद्र

स्थापित किए जा रहे हैं। लेकिन जिला किन्नौर और लाहौल–स्पीति को अब एशियाई विकास बैंक परियोजना से बाहर रखा गया है। हिमाचल प्रदेश में मॉडल कैरियर सैन्टर को चलाने के लिये 11 यंग प्रोफेशनल व 1 कैरियर सलाहकार की नियुक्ति की गई है। हिमाचल प्रदेश सरकार और भारत सरकार के अनुदान से साथ जिला रोजगार ऊना को मॉडल कैरियर सेंटर को परिवर्तित कर लिया गया है और जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू को मॉडल कैरियर सैन्टर में परिवर्तित किया जा रहा है। कांगड़ा, हमीरपुर, मण्डी व चम्बा का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अन्य जिला रोजगार कार्यालय जैसे, सिरमौर, सोलन, किन्नौर, बिलासपुर व उप–रोजगार कार्यालय बद्दी, कस्बा कोटला का कार्य जल्द ही सभी कोडल औपचारिकताओं को पूर्ण करने के साथ पूरा कर दिया जाएगा।

मॉडल कैरियर केन्द्र की स्थिति का नाम :

क्र0 सं0	जिला का नाम	कुल प्राप्त प्राक्कलन	ब्यौरा
1	2	3	4
1.	ऊना	58,78,200/–	हिमाचल प्रदेश सरकार और भारत सरकार के अनुदान के साथ मॉडल कैरियर सैंटर, ऊना के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे का निर्माण कर दिया गया है ।
2.	हमीरपुर	4,33,28,571/–	एशियाई विकास बैंक के अनुदान के साथ मॉडल कैरियर सैंटर हमीरपुर का निर्माण कार्य पूरा हो गया है और माननीय मुख्यमन्त्री द्वारा दिनांक 26–07–2022 को उद्घाटन किया गया है।
3.	सिरमौर	5,61,39,000/–	सिरमौर में मॉडल कैरियर सैंटर बनाने हेतु विभाग के नाम भूमि स्थानांतरित की गई है। विभाग द्वारा पत्र संख्या श्रम (ए 1–4/2017 दिनांक 14–03–2020 के तहत प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो गई है।
4.	मण्डी	2,36,35,000/–	एशियाई विकास बैंक के अनुदान के साथ मॉडल कैरियर सैंटर मण्डी का निर्माण कार्य पूरा हो गया है और माननीय मुख्य मन्त्री द्वारा दिनांक 11–07–2022 को उद्घाटन किया गया है।
5.	बद्दी, जिला सोलन	3,54,20,679/–	एशियाई विकास बैंक के अनुदान के साथ मॉडल कैरियर सैंटर बद्दी भवन का निर्माण कार्य पूरा होने के चरण में है और निकट भविष्य में पूरा होने की उम्मीद है।
6.	कांगड़ा	1,03,70,800/–	एशियाई विकास बैंक के अनुदान के साथ वर्तमान मॉडल कैरियर सैंटर कांगड़ा का निर्माण कार्य पूरा हो गया है और माननीय मुख्य मन्त्री द्वारा दिनांक 30–03–2022 को उद्घाटन किया गया है।
7.	कुल्लू	27,92,500/– (प्राप्त /आबंटित रु0 16,75,500/– 60 प्रतिशत)	भारत सरकार द्वारा स्वीकृति कुल बजट रु0 27,92,500/– जिसमें से 60 प्रतिशत पहली किस्त की राशि रु0 16,75,500/– का उपयोग जिला रोजगार अधिकारी, कुल्लू द्वारा किया गया है। व्यय एवं उपयोगिता प्रमाण–पत्र श्रम एवं रोजगार विभाग द्वारा दिनांक 21–12–2020 भारत सरकार को भेज दिया गया हैं।

			कुल बजट का 40 प्रतिशत रुपये की दूसरी किस्त की राशि रु0 11,17,000/– इस कार्यालय के पत्र क्रमांक–एलएण्डई एमसीसी–2014–भाग–7 दिनांक 21–12–2020 द्वारा कथित बजट के आबंटन के लिए मामला भारत सरकार से उठाया गया था। जिसके अन्तर्गत 3,94,000/– रुपये भारत सरकार द्वारा प्रदान किये गये हैं ।
8.	किन्नौर	3,03,18,200/–	मॉडल कैरियर सैन्टर किन्नौर को स्टेट फंडिंग के साथ स्थापित किया जा रहा है। विभाग के नाम पर भूमि हस्तांतरित कर दी गई है।
9.	सोलन	4,21,38,000/–	प्रशासनिक स्वीकृति बजट की राशि रु0 4,21,38,000/–सरकार से प्राप्त हो चुकी हैं कार्यालय पत्र संख्या श्रम (सी) 2–2/2013–मुक्त दिनांक 21–01–2021 और इससे सम्बन्धित जिला रोजगार अधिकारी और हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम को इस कार्यालय पत्र संख्या एलएण्डई (बिल्डिंग) 2/2020–मॉडल कैरियर सैन्टर सोलन, दिनांक 28–01–2021 को आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी गई है। मॉडल कैरियर सैन्टर सोलन के भवन का निर्माण कार्य पूरा होने के चरण में है और निकट भविष्य में पूरा होने की उम्मीद है।
10.	चम्बा	4,60,22,350/–	एशियाई विकास बैंक के अनुदान के साथ मॉडल कैरियर सैंटर चम्बा का निर्माण कार्य पूरा हो गया है और माननीय मुख्यमन्त्री द्वारा दिनांक 24–07–2022 को उद्घाटन किया गया हैं
11.	बिलासपुर	1,24,63,407/–	अतिरिक्त मुख्य सचिव (श्रम एवं रोजगार) हि0 प्र0 सरकार के कार्यालय पत्र संख्या श्रम (सी) 5–2/2016 दिनांक 20–03–2020 के तहत प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो गई है।
12.	कस्बा कोटला (धर्मशाला)	4,03,94,000/–	एशियाई विकास बैंक के अनुदान के साथ मॉडल कैरियर सैंटर कस्बा–कोटला (कांगड़ा) के भवन का निर्माण का किया जा रहा है निकट भविष्य में पूरा होने की उम्मीद है।
13.	उदयपुर (लाहौल– स्पीति)	–	मॉडल कैरियर सैन्टर, उदयपुर, जिला लाहौल–स्पीति ग्रामीण विकास विभाग के भवन में एशियाई विकास बैंक की सहायता से स्थित होगा।
14.	काजा (लाहौल– स्पीति)	–	मॉडल कैरियर सैन्टर, काजा जिला लाहौल–स्पीति ग्रामीण विकास विभाग के भवन में एशियाई विकास बैंक की सहायता से स्थित होगा।

2. रोज़गार उपलब्ध करवाने के लिये सेवाएं

(क) रोज़गार शाखा :

हिमाचल प्रदेश मे इस समय 3 क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय, 9 जिला रोजगार कार्यालय, 2 विश्वविद्यालय रोजगार सूचना एवं मार्गदर्शन केन्द्र व 65 उप–रोजगार कार्यालय कार्यरत है। ये रोजगार कार्यालय अभ्यर्थियों/जनता को पंजीकरण, सेवा नियोजन, व्यवसायिक मार्गदर्शन सूचना देने मे सहायता करते है व रोजगार बाजार सूचना भी एकत्रित करते है। हिमाचल प्रदेश सरकार ने फौरन इम्प्लायमैंट एण्ड मैनपावर एक्सपोर्ट ब्यूरो का निदेशालय श्रम एवं रोजगार मे गठन किया है ताकि विदेश जाने के इच्छुक काममारो का प्राईवेट एजैन्टो से होने वाले शोषण से उन्हें बचाया जा सके।

01–04–2022 से 31–03–2023 तक विभाग द्वारा की गई उपलब्धियां

क्र. स.	जिला	पंजीकरण	अधिसूचित रिक्तियां	सम्प्रेषण	सेवा नियोजन		सजीव पंजिका (पंजीकृत आवेदकों की संख्या)	नियोजित आवेदक
					सरकारी क्षेत्र	निजी क्षेत्र		
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	बिलासपुर	12827	132	817	53	819	53848	2419
2.	चम्बा	10954	5514	1771	27	847	60573	0
3.	हमीरपुर	13631	1226	5043	192	352	60671	3000
4.	कांगड़ा	39073	379	16233	94	2025	164483	6394
5.	किन्नौर	1501	794	254	13	0	8102	0
6.	कुल्लू	10233	214	6694	29	1192	53111	74
7.	लाहौल स्पीति	675	0	0	0	0	5155	0
8.	मण्डी	38850	1	6440	303	448	158653	5101
9.	शिमला	12338	3484	8615	139	528	70846	985
10.	सिरमौर	9452	3512	769	0	712	59626	0
11.	सोलन	12257	3431	28087	37	774	48646	0
12.	ऊना	10663	238	6361	75	1286	63259	3342
	दिव्यांग आवेदक	(2262)	212	564	85	0	(17375)	0
	जॉब फेयर	(4)	–	–	–	(2754)	–	–
	जोड़ ..	**172454**	**19,137**	**81,648**	**1,047**	**8,983**	**8,06,973**	**21,315**

टिप्पणी.—दिव्यांग आवेदकों के पंजीकरण एवं सजीव पंजिका के आंकड़े जिलों के आंकड़ों में शामिल हैं, अतः कुल योग में शामिल नहीं है।

जॉब फेयर द्वारा नियोजन के आंकड़े जिलों के आंकड़ों में शामिल हैं, अतः कुल योग में शामिल नहीं है।

शिक्षावार विभाजन

स्नातकोत्तर	71832
स्नातक	133775
+2	368719
दसवी	205178
दसवी से कम पढ़े–लिखे	27113
अनपढ़	356
कुल योग ..	8,06,973

जातिवार विभाजन

अनुसूचित जाति	212828
अनुसूचित जनजाति	47562
ओ.बी.सी.	108428
अन्य	438155
कुल योग ..	8,06,973

स्त्री/पुरुष विभाजन

पुरुष	444881
स्त्री	362092
कुल योग ..	8,06,973

शहरी ग्रामीण विभाजन

शहरी	152084
ग्रामीण	654889
कुल योग ..	8,06,973

(ख) फौरन एम्पलॉयमेंट एण्ड मैनपावर एक्सपोर्ट ब्यूरो :

हिमाचल प्रदेष के विशेषकर कुशल, अर्ध–कुशल एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त इच्छुक प्रार्थियो को विदेश में रोजगार के अवसर जुटाने के दृष्टिगत तथा उन्हें पासपोर्ट, वीजा व उत्प्रवासी अधिनियम व विनियम के बारे जानकारी उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से श्रम एवं रोजगार विभाग में वर्ष, 1994 में फौरन एम्पलायमेंट एण्ड मैनपावर एक्सपोर्ट ब्यूरो की स्थापना की गई है। यह ब्यूरो उत्प्रवासी अधिनियम के अन्तर्गत महासंरक्षी उत्प्रवासी, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जनशक्ति निर्यात किए जाने के उद्देश्य हेतु पंजीकृत है। 01–04–2021 से 31–03–2022 में एक आवदेक का पंजीकरण हुआ है।

(ग) बेरोजगारी भत्ता योजना–2017 (01–04–2022 से 31–03–2023 तक) :

हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रदेश के बेरोजगार युवाओं हेतु बेरोजगारी भत्ता योजना माह अप्रैल, 2017 में अधिसूचित कर दी थी तथा माननीय मुख्य मंत्री हि0 प्र0 ने 15–4–2017 को इसका शुभारम्भ चम्बा में कर दिया था। इस योजना के तहत शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्ति (कम से कम 50 प्रतिशत स्थाई विकलांगता) के लिए रु0 1500/– (रु0 एक हजार पांच सौ) प्रतिमाह की दर से तथा अन्य सभी श्रेणियों के आवेदकों को रु0 1000/– (रु0 एक हजार) प्रतिमाह की दर से कुल 2 वर्ष की अवधि हेतु भत्ता देय है। इस योजना के तहत भत्ता प्राप्त करने की पात्रता की शर्तें निम्न प्रकार से है–

इस योजना के दृष्टिगत वे सभी शिक्षित बेरोज़गार आवेदक बेरोज़गारी भत्ता के पात्र होंगे, जो निम्नलिखित मानदंड पूर्ण करते हों :

(क) आवेदक बेरोजगार होना चाहिए (अर्थात् न सार्वजनिक, न निजी क्षेत्र और न ही स्वरोज़गार में हो) और हिमाचल का स्थाई निवासी होना चाहिए।

(ख) आवेदक हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम से कम 12वीं कक्षा उत्तीर्ण हो

(ग) आवेदन करने की तिथि को एक वर्ष पहले से आवेदक हिमाचल प्रदेश के किसी रोज़गार कार्यालय में पंजीकृत होना चाहिए।

(घ) आवेदन करने की तिथि से ठीक पूर्व के वित्त वर्ष में सभी स्त्रोतों से आवेदक की पारिवारिक आय रु0 2.00 लाख (दो लाख) से कम होनी चाहिए, इसमें उसके पति/पत्नी की आय भी शामिल है।

(ङ) आवेदन करने की तिथि को आवेदक की आयु 20 वर्ष से अधिक तथा 35 वर्ष से कम होनी चाहिए।

(च) आवेदक सरकार का बर्खास्त कर्मचारी नहीं होना चाहिए

(छ) आवेदक किसी ऐसे अपराध में दण्डित न हो जिसकी वजह से 48 घण्टे या इससे अधिक के कारावास की सजा हुई हो।

(ज) आवेदक किसी कोर्स का नियमित छात्र नहीं होना चाहिए

(झ) आवेदक कौशल विकास भत्ता प्राप्त न कर रहा हो

योजना की पूरी जानकारी विभागीय वैबसाइट http://admis.hp.nic.in/unemp पर उपलब्ध है तथा पात्र युवा को भत्ता प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन आवेदन करने उपरान्त आवेदन प्रपत्र और स्व–प्रमाणित घोषणा (Self Certified Declaration) प्रपत्र का प्रिंट लेकर तथा वांछित प्रमाण–पत्र संलग्न करके सम्बन्धित रोज़गार कार्यालय जहां पर आवेदक का नाम दर्ज है में जमा करवाने पड़ते है। योजना के प्रारम्भ से दिनांक 31–03–2023 तक 1,36,106 अभ्यर्थियों का रु0 197.15 करोड़ की राशि बेरोजगारी भत्ते के रूप में विभाग द्वारा वितरित की जा चुकी है।

योजना के प्रारम्भ से दिनांक 31–03–2023 तक दिए गए भत्ते तथा लाभार्थियों की संख्या का विवरण।

वित्तीय वर्ष	लाभार्थियों की संख्या	प्रदान किए गए भत्ते की राशि रुपये
2017–18	24,129	17,40,56,000/–
2018–19	31,012 (16,656 इस वित्तीय वर्ष के नए अभ्यर्थी हैं)	28,32,01,000/–
2019–20	50,347 (28,905 इस वित्तीय वर्ष के नए अभ्यर्थी हैं)	37,75,78,000/–
2020–21	68,074 (25,319 इस वित्तीय वर्ष के नए अभ्यर्थी हैं)	37,58,71,000/–
2021–22	73,937 (26,228 इस वित्तीय वर्ष के नए अभ्यर्थी हैं)	55,93,40,500/–
2022–23	34,886 (14,869 इस वित्तीय वर्ष के नए अभ्यर्थी हैं)	**20,15,25,500/–**
	कुल 1,36,106	**1,97,15,72,000/–**

इस वित्तीय वर्ष (2022–23) का जिलावार ब्यौरा

क्र0 सं0	जिला	लाभार्थी संख्या	वितरित राशि (रुपये में)
1.	बिलासपुर	2,295	1,25,02,500
2.	चम्बा	2,607	2,04,74,500
3.	हमीरपुर	2,638	1,56,47,000
4.	कांगड़ा	5,630	3,43,32,000
5.	किन्नौर	172	16,12,000
6.	कुल्लू	2,641	1,52,65,000
7.	लाहौल–स्पीति	60	5,83,000

8.	मण्डी	7,548	4,06,73,000
क्र0 सं0	जिला	लाभार्थी संख्या	वितरित राशि (रुपये में)
9.	शिमला	3,791	1,81,29,500
10.	सिरमौर	2,981	2,28,65,000
11.	सोलन	1,264	83,81,500
12.	ऊना	3,259	1,10,60,500
	जोड़ ..	34,886	20,15,25,500

(घ) श्रम एवं रोज़गार निदेशालय में स्थापित विशेष रोज़गार कार्यालय (अंपगों हेतु) द्वारा वर्ष 2022–23 में किये गये कार्यकलापों का विवरण :

सरकार द्वारा विकलांग व्यक्तियों को रोजगार सहायता प्रदान करने हेतु श्रम एवं रोज़गार निदेशालय में प्रभारी अधिकारी (स्थापना) के अधीन वर्ष, 1976 में विशेष रोज़गार कार्यालय (अपंगों हेतु) की स्थापना की गई है। समाज के इस कमजोर वर्ग को कई प्रकार की सुविधाएं/रियायतें दी गई हैं जैसे कि मैडिकल बोर्ड द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षा, सरकारी नौकरियों में ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट, ऊपरी अंगों की (हाथ तथा बाजू) अपंगता होने पर टंकण करने की छूट तृतीय व चतुर्थ श्रेणी की रिक्तियों में 4 प्रतिशत का कार्मिक विभाग (एपी–III) की अधिसूचना संख्याः (एपी)–सीएफ (4)–4/2020, दिनांक 22–06–2020 द्वारा पदों में नियुक्ति के लिये आरक्षण आरक्षित 4 प्रतिशत सीटें औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व सिलाई केन्द्र और विभागीय 100 अंकों में विशिष्ट अंक के विरुद्ध आरक्षण प्रदान करना रोस्टर प्रथम 1 से 25वां, दूसरा 25वां से 50वां, तीसरा 50वां से 75वां व चौथा 75वां से 100वां।

विशेष रोज़गार कार्यालय (विशेष रूप से दिव्यांगों के लिये) नियोजकों से प्राप्त रिक्तियों के विरुद्ध पात्र आवेदकों के नाम सम्प्रेषित/प्रायोजित करता है, जोकि अपेक्षित शर्तों और नियमों को पूरा करते हैं। 1–4–2022 से 31–03–2023 के दौरान, कुल 2,262 नये विशेष योग्य व्यक्तियों को विशेष रोज़गार कार्यालय के सजीव पंजिका पर लाया गया, इस अवधि में कुल संख्या 17,375 पर लाई गई। 85 विशेष रूप से विकलांग व्यक्तियों को रोज़गार में रखा गया और 564 समान रूप से एबल्ड इस विशेष रोज़गार कार्यालय को अधिसूचित 212 रिक्तियों के विरुद्ध प्रायोजित किये गए।

विशेष रोज़गार कार्यालय (दिव्यागों हेतु) द्वारा वित्त वर्ष 2022–23 में किये गये कार्यकलापों का विवरण सक्रिय पंजिका (अपंग कक्ष)

क्र0सं0	दृष्टिदोष दिव्यांग	श्रवण एवं वाक दिव्यांग	अस्थि दिव्यांग	अन्य	कुल
1.	1918	1438	13483	536	17375

क्र0सं0	पंजीकरण	अधिसूचित आरक्षित रिक्तियां	नियुक्तियों के विरुद्ध सम्प्रेषण	सेवा नियोजन	सजीव पंजिका
1.	2262	212	564	85	17375

(ङ) केन्द्रीय रोज़गार कक्ष की गतिविधियां :

दिनांक 01–04–2022 से 31–03–2023 तक केन्द्रीय रोज़गार कक्ष द्वारा किये कार्य का लेखा–जोखा :

हिमाचल प्रदेश के इच्छुक युवाओं को रोज़गार उपलब्ध करवाने की कड़ी में केन्द्रीय रोजगार कक्ष ने वर्ष 2021–22 में अपने कार्यों को विस्तार देने की कोशिश की है। हिमाचल प्रदेश में स्थित निजी क्षेत्र के नियोक्ताओं की जन–शक्ति की मांग को पूरा करने के प्रयास किये गये। हिमाचल प्रदेश के दूर–दराज क्षेत्रों

में स्थित रोज़गार कार्यालयों में कैम्पस इन्टरव्यू (एक नियोक्ता के लिए) करवाये गये ताकि निजी क्षेत्र मे कामगारों की मांग को पूरा किया जा सके। जिसका ब्यौरा निम्नलिखित है:–

वर्ष	कैम्पस इन्टरव्यू	सेवा नियोजन
2022–23	341	5635

इसके अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश में रोज़गार मेलों (एक से अधिक नियोक्ताओं के लिए) का आयोजन किया गया है जिसका ब्यौरा निम्नलिखित है:–

वर्ष	रोजगार मेलों की संख्या	सेवा नियोजन
2022–23	04	2754

हिमाचल प्रदेश में स्थापित उद्योगों तथा हाईड्रोइलैक्ट्रिक प्रोजैक्टों में हिमाचलियों को 70 प्रतिशत रोज़गार की मोनिटरिंग.–विभाग के क्षेत्रीय रोज़गार अधिकारी/जिला रोजगार अधिकारी/श्रम अधिकारी तथा श्रम निरीक्षकों को निर्देश जारी किये गये हैं कि वे अपनी सामान्य निरीक्षण प्रक्रिया के दौरान उद्योगों तथा जल विद्युत परियोजनाओं में 70 प्रतिशत हिमाचलियों को रोज़गार के विषय को भी देखेंगे। जिन उद्योगों तथा जल विद्युत परियोजनाओं में 70 प्रतिशत से कम हिमाचलियों को रोज़गार दिया गया है उनकी सूचना उद्योग विभाग तथा एम0पी0पी0 एण्ड पावर विभाग को भेजी जाती है। 01–04–2022 से 31–03–2023 तक 179 उद्योगों का निरीक्षण किया गया जिसमें कामगारों की संख्या 70 प्रतिशत से अधिक है तथा 01–04–2022 से 31–03–2023 तक विभाग को किसी भी विद्युत परियोजनाओं में कार्यरत कर्मचारियों का विवरण ठेकेदारों से प्राप्त नहीं हुआ।

(च) रोज़गार बाजार सूचना कार्यक्रम :

रोज़गार बाजार सूचना कार्यक्रम के अन्तर्गत रोज़गार कार्यालय सार्वजनिक क्षेत्र तथा निजी क्षेत्र के रोज़गार से सम्बन्धित सूचना नियमित रूप से एकत्रित करते हैं। रोज़गार बाज़ार सूचना कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश में जिला स्तर पर रोजगार के आंकडे वर्ष 1960 से एकत्रित किए जा रहे हैं। यह कार्यक्रम भारतीय अर्थव्यवस्था के संगठित क्षेत्र को ही व्यक्त करता है। जो कि अन्य बातों के साथ–साथ सार्वजनिक क्षेत्र के सभी प्रतिष्ठानों व निजी क्षेत्रों के उन नियोक्ताओं जिनके पास 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, और कृषि कार्यक्रम से सम्बन्धित नहीं हैं, उनसे यह सूचना एकत्रित की जाती है। रोज़गार के आंकडे सार्वजनिक क्षेत्र के सभी नियोक्ताओं और निजी क्षेत्र के उन नियोक्ताओं जिनके पास 25 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, और जो कृषि व्यवसाय से सम्बन्धित नही हों, से आंकड़े रोज़गार कार्यालय (रिक्तियों की अनिवार्य अधिसूचना) अधिनियम, 1959 तथा उसके अन्तर्गत नियम, 1960 के तहत एकत्रित किये जाते हैं। रोज़गार के आंकडे निजी क्षेत्र के छोटे प्रतिष्ठानों, जिसके पास 10 से 24 कर्मचारी कार्यरत हैं, से स्वैच्छिक आधार पर एकत्रित किए जाते हैं। इस विभाग द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है, कि हिमाचल प्रदेश में स्थापित निजी क्षेत्र की इकाइयों में अधिक से अधिक हिमाचली युवाओं को रोज़गार प्राप्त हो। रोजगार कार्यालय द्वारा निजी क्षेत्र की विशेषकर नई इकाइयों से सम्पर्क स्थापित किया जाता है, व उन्हें रोजगार कार्यालयों (रिक्तियों की अनिवार्य अधिसूचना) अधिनियम, 1959 तथा नियम, 1960 के अन्तर्गत अनिवार्य रूप से रिक्तियों को अधिसूचित करने बारे सूचित किया जाता है। इस अवधि के दौरान हिमाचल प्रदेश में सार्वजनिक क्षेत्र तथा निजी क्षेत्र के कुल 288 निरीक्षण किए गए हैं।

निजी क्षेत्र	सार्वजनिक क्षेत्र	कुल निरीक्षण
128	162	288

रोज़गार बाज़ार सूचना कार्यक्रम के अन्तर्गत रोजगार की स्थिति का विश्लेषण विभाग द्वारा समय–समय पर भारत सरकार को भेजी गई विवरणियों में किया गया है, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :–

अवधि त्रैमासान्त	प्रतिष्ठानों की संख्या		अनुमानित रोजगार	
	सार्वजनिक क्षेत्र	निजी क्षेत्र	सार्वजनिक क्षेत्र	निजी क्षेत्र
त्रैमासान्त मार्च/2021	4,417	1,824	2,79,365	1,95,791
त्रैमासान्त मार्च/2022	4,472	2,032	2,81,097	2,12,030

सार्वजनिक क्षेत्र के पांच अंगों में त्रैमासान्त मार्च 2022 में नियोक्ताओं की संख्या एवं अनुमानित रोज़गार

अवधि त्रैमासान्त	केन्द्रीय सरकार		राज्य सरकार		अर्ध–सरकारी केन्द्रीय		अर्ध–सरकारी राज्य		स्थानीय नियोक्ता	
	प्रतिष्ठान संख्या	अनुमानित रोजगार	प्रतिष्ठान संख्या	अनुमानित रोजगार	प्रतिष्ठान संख्या	अनुमानित रोजगार	प्रतिष्ठान संख्या	अनुमानित रोजगार	प्रतिष्ठान संख्या	अनुमानित रोजगार
मार्च/21	120	12,514	2,939	1,94,778	806	26,220	490	43,446	62	2,407
मार्च/22	130	12,597	2,983	1,98,694	805	22,678	492	44,826	62	2,302

निजी क्षेत्र में त्रैमासान्त मार्च 2022 में नियोक्ताओं की संख्या एवं अनुमानित रोजगार

अवधि त्रैमासान्त	अधिनियमित संस्थान		लघु संस्थान	
	25 या अधिक कर्मचारी वाले संस्थान		10 से 24 कर्मचारियों वाले संस्थान	
	प्रतिष्ठानों की संख्या	अनुमानित रोजगार	प्रतिष्ठानों की संख्या	अनुमानित रोजगार
त्रैमासान्त मार्च/21	1,162	1,83,801	662	11,990
त्रैमासान्त मार्च/22	1,391	1,99,249	641	12,781

सार्वजनिक क्षेत्र एवं निजी क्षेत्र में त्रैमासान्त मार्च 2022 में औद्योगिक वर्गीकरण में संस्थानों की संख्या एवं अनुमानित रोजगार

क्र0 सं0	व्यवसाय	सार्वजनिक क्षेत्र		निजी क्षेत्र	
		संस्थानों की संख्या	अनुमानित रोजगार	संस्थानों की संख्या	अनुमानित रोजगार
1	2	3	4	5	6
1.	कृषि, शिकार, वानिकी, मत्स्य शिकार एवं पशु व्यवसाय।	153	16023	11	556
2.	खनिज एवं खाद्य	6	222	1	73
3.	उत्पादन	83	3223	1212	170464
4.	विद्युत, गैस एवं जल	164	30221	61	5323
5.	निर्माण	140	36640	22	1479
6.	थोक, व्यक्तिगत एवं घर–गृहस्थी सामान एवं परचून व्यापार।	28	626	45	3234
7.	यातायात एवं भण्डार	38	7196	15	556
8.	होटल एवं रेस्तरां	14	793	228	6116
9.	सूचना एवं संचार	38	6383	30	2423

10.	वित्तीय बीमा	896	17327	40	2224
11.	असली सम्पदा, व्यवसायिक, वैज्ञानिक एवं तकनीकी कार्यकलाप।	132	8845	1	35
12.	लोक प्रशासन, रक्षा, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्याएं।	660	55144	5	108
13.	शिक्षा	1860	74901	340	17646
14.	स्वास्थ्य एवं सामाजिक कार्य	215	23303	21	1793
15.	कला, मनोरंजन, अन्य सामाजिक एवं व्यक्तिगत सेवाएं।	45	250	0	0
	कुल ..	4,472	2,81,097	2,032	2,12,030

विवरण–1

वर्ष 2022–23 के दौरान संगठित क्षेत्र में रोज़गार के त्वरित अनुमान

त्रैमासान्त मार्च 2022 को कुल रोजगार			त्रैमासान्त दिसम्बर 2021 को कुल रोजगार
सार्वजनिक क्षेत्र	निजी क्षेत्र	कुल	
2,81,097	2,12,030	4,93,127	4,75,156

विवरण–2

औसत महिला रोज़गार

त्रैमासान्त मार्च 2022 को कुल रोजगार			त्रैमासान्त दिसम्बर 2021 को कुल रोजगार
सार्वजनिक क्षेत्र	निजी क्षेत्र	कुल	
68,912	40,362	1,09,304	1,08,203

विवरण–3

कुल औसत तुलनात्मक रोज़गार

त्रैमासान्त मार्च 2022 को कुल रोजगार		गत वर्ष के त्रैमास के अनुसार वर्तमान त्रैमासान्त में प्रतिशत परिवर्तन
त्रैमासान्त 31–03–2021 को कुल रोजगार	त्रैमासान्त 31–03–2022 को कुल रोजगार	
4,75,156	4,93,127	3.7

विवरण–4

औसत तुलनात्मक महिला रोज़गार

त्रैमासान्त मार्च 2022 को कुल रोजगार		गत वर्ष के त्रैमास के अनुसार वर्तमान त्रैमासान्त में प्रतिशत परिवर्तन
त्रैमासान्त 31–03–2021 को कुल महिला रोजगार	त्रैमासान्त 31–03–2022 को महिला रोजगार	
1,08,203	1,09,304	1.0

3. रोज़गार प्राप्ति उपरान्त सेवाएं

श्रम कानूनों जिनकी संख्या 28 (केन्द्रीय एवं राज्य) है, के तहत विभिन्न संस्थानों में कार्यरत कामगारों की सेवा शर्तों, सुरक्षा, कल्याण, सामाजिक सुरक्षा तथा कारखानों में औद्योगिक शान्ति, सौहार्दपूर्ण औद्योगिक सम्बन्ध से सम्बन्धित सेवाएं प्रदान करना–यह सेवाएं श्रम विभाग के श्रम खण्ड के माध्यम से प्रदान की जाती हैं।

अध्याय–4

श्रम तथा श्रम कल्याण

श्रम एवं रोजगार विभाग द्वारा चलाये गये कार्यक्रमों की सुविधा के लिये विभागों को दो खण्डों में विभाजित किया गया है। श्रम खण्ड में श्रमिकों के कल्याण और रोजगार खण्ड में रोजगार कार्यालयों की गतिविधियां हैं, जिनका ब्यौरा निम्न प्रकार से है:–

श्रम खण्ड––हिमाचल प्रदेश में श्रम खण्ड का कार्य, 27 केन्द्रीय तथा 2 राज्य श्रम अधिनियमों एवं उनके अन्तर्गत बनाए गए नियमों के प्रावधानों को प्रदेश में लागू करना है। इन श्रम कानूनों में कारखानों, विभिन्न संस्थानों एवं विभिन्न निर्माण कार्यों में कार्यरत कामगारों की सेवा शर्तों, सुरक्षा, कल्याण, सामाजिक सुरक्षा इत्यादि के विस्तृत रूप में प्रावधान किये गये हैं। इन कारखानों/संस्थानों में औद्योगिक शान्ति, सौहार्दपूर्ण औद्योगिक सम्बन्ध, गुणवत्ता, उत्पादकता को सुनिश्चित करने और इन क्षेत्रों में विकास/उन्नति सुनिश्चित करने के भी प्रावधान किये गये हैं। कामगारों को सक्षम सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन प्राप्त हो, बाल श्रमिक एवं बन्धुआ मजदूरी पर रोक लगे, इस सम्बन्ध में भी प्रावधान हैं। इन सबको सुनिश्चित करने के लिये श्रम विभाग के अधिकारी एवं निरीक्षक समय–समय पर निरीक्षण करते है, अवहेलना करने वालों के विरुद्ध सक्षम न्यायालयों में अभियोग चलाये जाते हैं। औद्योगिक शान्ति बनाये रखने के लिये कामगारों एवं संस्थान मालिकों/प्रबन्धकों के मध्य हस्तक्षेप करते है एवं उचित परामर्श देते है तथा जो भी शिकायतें विभिन्न स्तर पर प्राप्त होती हैं उनका निवारण भी करते हैं। श्रम खण्ड में ही कारखाना शाखा भी है जिसके द्वारा कारखाना अधिनियम, 1948 एवं उसके अन्तर्गत बनाये गये नियमों के अन्तर्गत कारखानों का पंजीकरण, नवीनीकरण और कामगारो की सुरक्षा, दुर्घटनाएं रोकने और उनकी सेवा शर्तों का कार्यान्वयन, सुनिश्चित किया जाता है।

औद्योगिक सम्बन्ध तथा सामान्य श्रम स्थिति.––औद्योगिक सम्बन्धों का महत्वपूर्ण स्थान है। औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि तब तक पूर्ण रूप से नहीं हो सकती है, जब तक मालिकों और श्रमिकों में सहयोग एवं मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध न हों। औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अन्तर्गत समझौता व्यवस्था, औद्योगिक विवादों को रोकने तथा निपटाने में और औद्योगिक शान्ति स्थापित करने में एक महत्वपूर्ण साधन है। 10 जिला मुख्यालयों पर स्थित श्रम अधिकारियों को समझौता अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त श्रम अधिकारी (परियोजना) रामपुर बुशैहर और श्रम अधिकारी बद्दी को भी अपने–अपने क्षेत्र के लिये समझौता अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रदेश के अन्य जिलों में जहां श्रम अधिकारी के पद सृजित नहीं हैं वहां पर जिला रोजगार अधिकारियों को समझौता अधिकारी नियुक्त किया गया है। जहां पर कामगारों की संख्या 200 या उससे कम हो, श्रम निरीक्षक भी समझौता अधिकारी के रूप में औद्योगिक विवादों को निपटाने का कार्य करते हैं। जहां पर उपरोक्त अधिकारियों द्वारा औद्योगिक विवादों का समझौता न हो पाये, वहां पर श्रम अधिकारी, उप–श्रमायुक्त/संयुक्त–श्रमायुक्त और श्रमायुक्त औद्योगिक विवादों को निपटाने में हस्तक्षेप करते है। इसके अतिरिक्त औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 3 के अन्तर्गत, जहां पर 100 या इससे अधिक कामगार कार्यरत हों, उन संस्थानों द्वारा वर्क्स कमेटी का गठन करना अनिवार्य है। ये वर्कस कमेटियां भी औद्योगिक शान्ति बनाने में सहायक सिद्ध होती हैं। इन कमेटियों में प्रबन्धकों और कामगारों के प्रतिनिधि सम्मिलित होते हैं। सामान्यतः वर्ष **2022–23** में हिमाचल प्रदेश की श्रम स्थिति संतोषजनक रही है।

31–03–2022 तक श्रम खण्ड में विभिन्न श्रम अधिनियमों के अन्तर्गत कुल पंजीकृत संस्थानों की संख्या और उनमें कार्य कर रहे प्रस्तावित कर्मचारियों का ब्यौरा निम्नलिखित है:–

क्रमांक	अधिनियम का नाम	पंजीकृत संस्थानों की संख्या	प्रस्तावित कामगारों की संख्या
1.	कारखाना अधिनियम, 1948	5,337	3,72,350
2.	मोटर ट्रांसपोर्ट वर्करज अधिनियम, 1961	139	7,478

क्रमांक	अधिनियम का नाम	पंजीकृत संस्थानों की संख्या	प्रस्तावित कामगारों की संख्या
3.	ट्रेड यूनियन्ज अधिनियम, 1926	1,464	21,452
4.	बागान श्रम अधिनियम, 1951	10	302
5.	अन्तर्राज्य प्रवासी कामगार अधिनियम, 1979 (क) प्रमुख नियोक्ता (ख) ठेकेदार	 51 96	 10,099 3,308
6.	श्रम ठेका (विनियम एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 (क) प्रमुख नियोक्ता (ख) ठेकेदार	 18,68 11,080	 2,18,898 1,50,335
7.	कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952	30,888	21,03,641
8.	कर्मचारी राज्य बीमा योजना अधिनियम, 1948	11,042	3,05,720

सांख्यिकीय विवरण

श्रम खण्ड की वित्तीय वर्ष 2022–23 तक की उपलब्धियों/कार्यों का ब्यौरा नीचे दी गई तालिकाओं पर वर्णित है। विभिन्न श्रम अधिनियमों के अन्तर्गत किए निरीक्षणों, सक्षम न्यायालयों में दायर अभियोगों की संख्या, न्यायालय द्वारा निर्णित अभियोगों की संख्या एवं दण्डित किये जाने पर जुर्माने की राशि का विवरण निम्नलिखित तालिका में दिया गया है :–

तालिका–1

क्र0 सं0	अधिनियम का नाम	01–4–2022 से 31–3–2023 तक किये गये निरीक्षणों की संख्या	01–4–2022 से 31–3–2023 तक न्यायालय में दायर किये गये चालानों की संख्या	01–4–2022 से 31–3–2023 तक न्यायालय द्वारा निर्णित मामलों की संख्या	जुर्माने की राशि (रुपये) में
1.	कारखाना अधिनियम, 1948	838	10	15	3,95,000
2.	दुकान एवं वाणिज्य संस्थान अधिनियम, 1969	5770	217	221	12,14,400
3.	प्रसूति लाभ अधिनियम, 1961	730	2	11	33,450
4.	न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948	3608	50	82	73,900
5.	वेतन भुगतान अधिनियम, 1936	3751	113	109	4,02,000
6.	बागान श्रम अधिनियम, 1951	4	0	0	0
7.	श्रम ठेका (विनियम एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970	1047	18	10	13,700
8.	बोनस भुगतान अधिनियम, 1965	1028	04	04	13,000
9.	उपादान भुगतान अधिनियम, 1972	1296	28	36	4,27,000
10.	औद्योगिक रोजगार (स्थाई आदेश) अधिनियम, 1946	294	0	0	0
11.	हिमाचल प्रदेश औद्योगिक संस्थान (राष्ट्रीय त्यौहार के अवकाश आकस्मिक एवं चिकित्सा अवकाश) अधिनियम, 1969	1149	3	3	3,000
12.	मोटर ट्रांसपोर्ट वर्कर्ज अधिनियम, 1961	59	0	0	0

क्र0 सं0	अधिनियम का नाम	01–4–2022 से 31–3–2023 तक किये गये निरीक्षणों की संख्या	01–4–2022 से 31–3–2023 तक न्यायालय में दायर किये गये चालानों की संख्या	01–4–2022 से 31–3–2023 तक न्यायालय द्वारा निर्णित मामलों की संख्या	जुर्माने की राशि (रुपये) में
13.	अन्तर्राज्य प्रवासी कर्मकार अधिनियम, 1979	105	4	0	0
14.	बाल एवं किशोर श्रमिक (निषेध एवं विनियम) अधिनियम, 1986	2931	1	3	65,000
15.	समान वेतन अधिनियम, 1976	770	3	8	37,000
16.	भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगारो (रैगुलेशन ऑफ एम्प्लायमैंट एण्ड कंडीशन ऑफ सर्विस) अधिनियम, 1996	550	2	3	5,000
17.	श्रमजीवी और अन्य समाचार पत्र कर्मचारी (सेवा की शर्तें) विविध प्रावधान अधिनियम, 1955	0	0	0	0
	कुल - 23,930		455	505	26,82,450

तालिका–2

उपादान अदायगी अधिनियम, 1972

क्रमांक	31–03–22 तक के पिछले अनिर्णित मामले	01–04–2022 से 31–03–2023 तक प्राप्त मामले	कुल मामलों की संख्या (खाना संख्या 2 एवं 3)	31–3–2023 तक निर्णित मामलों की संख्या	31–3–2023 तक अनिर्णित मामलों की संख्या
1	2	3	4	5	6
(क) नियन्त्रक अधिकारियों द्वारा निपटाए गए मामले।	547	385	932	438	494
(ख) एपीलेट अथोरिटी द्वारा निपटाई गई अपीलों का ब्यौरा।	40	82	122	31	91

तालिका–3

औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947

क्रमांक	31–3–2022 को लम्बित मांग पत्रों की संख्या	1–4–2022 से 31–3–2023 तक प्राप्त मांग पत्रों की संख्या	कुल मांग पत्रों की संख्या खाना संख्या (2 एवं 3)	समझौते के दौरान धारा 12(3) के तहत निपटाये गये मामले	असफल मामलों की संख्या जो 12(4) के अधीन भेजे गये	31–3–2023 को लम्बित मामलों की संख्या
1	2	3	4	5	6	7
1.	339	862	1201	659	202	340

तालिका–4

औद्योगिक रोज़गार (स्टैंडिंग आर्डरज़) अधिनियम, 1946

क्रमांक	अधिनियम का नाम औद्योगिक रोजगार (स्थाई आदेश) अधिनियम, 1946 अधिनियम के तहत आने वाले संस्थान	स्टैंडिंग आर्डरज जिनको 31–03–2023 तक प्रमाणित करवा लिया गया है
1.	2674	445

तालिका–5

हि0 प्र0 दुकान एवं वाणिज्य संस्थान अधिनियम, 1969

क्रमांक	अधिनियम के अधीन बाजारों की संख्या	31–3–2023 के अन्त में दुकानों की संख्या	प्रस्तावित कामगारों की संख्या	31–3–23 के अन्त में वाणिज्य संस्थानों की संख्या	31–3–2023 तक कामगारों की संख्या	31–3–2023 तक कुल संस्थानों की संख्या	31–3–2023 के कुल प्रस्तावित कामगारों की संख्या
1.	121	85,454	43,604	21,421	35,785	1,06,875	79,389

तालिका–6

निम्न अधिनियमों में प्राप्त शिकायतें

क्रमांक	अधिनियम का नाम	31–3–2022 को लम्बित शिकायतों की संख्या	1–4–2022 से 31–3–23 तक प्राप्त शिकायतों की संख्या	योग (खाना संख्या 3 एवं 4)	श्रम निरीक्षकों द्वारा निर्णित शिकायतों की संख्या	श्रम निरीक्षकों द्वारा भुगतान करवाई गई धनराशि (रु0) में	लाभान्वित कामगारों की संख्या	31–3–2023 को अनिर्णित मामलों की संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	वेतन भुगतान अधिनियम, 1936	485	1698	2183	1586	2,15,07,074	1439	597
2.	हि. प्र. दुकान एवं वाणिज्य संस्थान अधिनियम, 1969	0	0	0	0	0	0	0
3.	हि. प्र. लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों के श्रमिकों का विनियम	9	2	11	5	55000	10	6
4.	न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948	0	0	0	0	0	0	0

औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947

औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत निदेशालय स्तर पर 31–03–2022 को 123 विवाद सन्दर्भ हेतु लम्बित थे। वित्त वर्ष 2022–23 (01–04–2022 से 31–03–2023) के दौरान 199 विवाद उक्त अधिनियम की धारा 12 (4) के अन्तर्गत निदेशालय में प्राप्त हुए अतः कुल विवाद 322 हो गए। इस वित्त वर्ष (01–04–2022 से 31–03–2023) के दौरान 157 मामले विभिन्न श्रम न्यायालयों को निर्णय हेतु भेजे गए तथा उक्त अधिनियम की धारा 12(5) के अन्तर्गत 68 निरस्त किए गए, तथा 31–03–2023 को 97 मामले शेष है।

भाग–I

01–04–2022 से 31–03–2023 तक विभाग द्वारा विभिन्न श्रम अधिनियमों के तहत अर्जित आय का ब्यौरा :

क्र0 सं0	अधिनियम का नाम	01-04-22 तक संस्थानों की संख्या	वर्ष के दौरान पंजीकृत संस्थानों की संख्या	पंजीकरण शुल्क एकत्रित (रु0 में)	वर्ष के दौरान नवीनीकृत संस्थानों की संख्या (यदि कोई हो)	लाईसैंस/नवीनीकरण शुल्क एकत्रित (रु0 में)	अधिनियम की विभिन्न धाराओं के उल्लंघन पर एकत्रित जुर्माना (रु0 में)	वर्ष के अन्त में पंजीकृत संस्थानों की संख्या	कुल राशि एकत्रित (रु0 में) (कॉलम 3 + कॉलम 5+ कॉलम 6)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	कारखाना अधिनियम, 1948	5,306	31	0	0	0	3,95,000	5,337	3,95,000
2.	दुकान एवं वाणिज्य संस्थान अधिनियम, 1969	1,05,782	2,271	28,49,456	3,012	17,84,797	12,14,400	1,04,070	58,48,653
3.	श्रम ठेका (विनियम एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970	13,288	264	2,92,923	1,981	1,56,418	13,700	12,948	4,63,041
4.	मोटर ट्रांसपोर्ट वर्करज़ अधिनियम, 1961	136	3	1,600	0	0	0	139	1,600
5.	अन्तर्राज्य प्रवासी कर्मकार अधिनियम, 1979	51	0	0	0	0	0	51	0
6.	ट्रेड यूनियन्ज अधिनियम, 1926	1,443	21	105	0	0	0	1,464	105
7.	बागान श्रम अधिनियम, 1951	10	0	0	0	0	0	10	0
8.	भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगारों रैगूलेशन ऑफ एम्प्लॉयमैंट एण्ड कन्डीशन ऑफ सर्विस) अधिनियम, 1996	1,780	84	1,39,380	8	1,275	0	1,864	1,40,655
	कुल भाग-I ..	1,27,796	2,674	32,83,464	5,001	19,42,490	16,23,100	1,25,883	68,49,054

भाग–II

क्र0सं0	अधिनियम का नाम	अर्जित आय
1.	न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948	73,900
2.	वेतन भुगतान अधिनियम, 1936	4,02,000
3.	बोनस भुगतान अधिनियम, 1965	13,000
4.	उपादान भुगतान अधिनियम, 1972	4,27,000
5.	औद्योगिक रोजगार (स्थाई आदेष) अधिनियम, 1946	0
6.	हिमाचल प्रदेश औद्योगिक संस्थान (राष्ट्रीय त्यौहार के अवकाश आकस्मिक एवं चिकित्सा अवकाश) अधिनियम, 1969	3,000
7.	बाल श्रमिक (निषेद्ध एवं विनियम) अधिनियम, 1986	65,000
8.	भवन एवं सन्निर्माण कामगारों (रैगुलेशन ऑफ एम्प्लॉयमैंट एण्ड कंडीशन ऑफ सर्विस) अधिनियम, 1996	5,000
9.	भवन व अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम, 1996	2,000
10.	प्रसूति लाभ अधिनियम, 1961	33,450
11.	श्रमजीवी और अन्य समाचार पत्र कर्मचारी (सेवा की शर्त) विविध प्रावधान अधिनियम, 1955	0
12.	औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947	10,000
13.	समान वेतन अधिनियम, 1976	37,000
	कुल (भाग–II)	**10,71,350**

भाग–III

अधिनियम का नाम	कुल एकत्रित राशि (रु0 में)
भवन व अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम, 1996 के तहत अर्जित आय	26,43,07,628
कुल (भाग–III)	26,43,07,628
कुल (भाग–I)	68,49,054
कुल (भाग–II)	10,71,350
कुल (भाग–I +भाग–II + भाग–III)	**27,22,28,032**

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न श्रम अधिनियमों के अन्तर्गत निम्नलिखित बोर्ड और समितियों का समय–समय पर गठन किया जाता है :–

क्रमांक	अधिनियम का नाम	बोर्ड/समिति का नाम	गठन का उद्देश्य
1.	न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948	न्यूनतम वेतन सलाहकार बोर्ड	न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के अधीन अनुसूचित व्यवसायों में न्यूनतम वेतन दरों में संशोधन/पुनः निर्धारण बारे में सरकार को परामर्श देना
2.	न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948	न्यूनतम वेतन सलाहकार समिति	न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के अधीन अनुसूचित व्यवसायों में न्यूनतम वेतन दरों में संशोधन/पुनः निर्धारण बारे में सरकार को परामर्श देना
3.	श्रम ठेका (विनियम एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970	राज्य सलाहकार श्रम ठेका बोर्ड	ठेकेदारी वर्ग पद्धति पर जहां पर सम्भव हो सके, रोक लगाना, और जहां रोक लगाना सम्भव न हो, इस प्रथा का विनियम करना और इस सम्बन्ध में अपनी सिफारिशें सरकार को देना

4.	बन्धुआ मजदूर (विनियम एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1976	जिला तथा सभी उप–मण्डल स्तरों पर सतर्कता समितियां	बन्धुआ मजदूर प्रथा को समाप्त करना उन्मूलन/पुनर्वास सम्बन्धित कार्यवाही
5.	भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगारों (रैगुलेशन ऑफ एम्प्लॉयमैंट एण्ड कन्डीशन ऑफ सर्विस) अधिनियम, 1996	राज्य स्तरीय बोर्ड	हि0 प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्यों में कार्यरत कामगारों के कल्याण के लिए हि0 प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार बोर्ड का गठन किया गया है
6.	भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगारों (रैगुलेशन ऑफ एम्प्लॉयमैंट एण्ड कन्डीशन ऑफ सर्विस) अधिनियम, 1996	राज्य स्तरीय समिति	इस अधिनियम के अन्तर्गत प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार द्वारा समिति का गठन किया गया है जो समय–समय पर राज्य सरकार को परामर्श देगी

न्यूनतम वेतन

न्यूनतम वेतन निर्धारण व पुनः निर्धारण, न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत होता है। हिमाचल प्रदेश सरकार उक्त अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार समय–समय पर न्यूनतम वेतन सलाहकार बोर्ड एवं न्यूनतम वेतन सलाहाकार समिति का पुनर्गठन करती रही है। इसका उद्देश्य सरकार को विभिन्न व्यवसायों में न्यूनतम वेतन की दरों में निर्धारण एवं संशोधन करने में परामर्श देना है। हिमाचल प्रदेश सरकार ने 19 अधिसूचित व्यवसायों में कार्यरत विभिन्न श्रेणी के श्रमिकों के वेतन में वित्तीय वर्ष **2022–23** में न्यूनतम वेतन सलाहकार समिति के परामर्श के पश्चात् समस्त अनुसूचित व्यवसायों में अकुशल श्रमिकों के वेतन की न्यूनतम दर **350/–** रु0 प्रतिदिन या रु0 **10,500/–** प्रतिमाह प्रथम अप्रैल, 2022 से निर्धारित किया है, जो कि पिछले न्यूनतम वेतन से **25** रुपए अधिक है। अर्ध–कुशल, कुशल तथा उच्च–कुशल कामगारों के वेतन में भी **25** रुपए प्रतिदिन की दर से बढ़ौतरी की गई है जो कि **01–04–2022** से लागू है। वर्ष 2023–24 की बजट घोषणा के अनुसार समस्त अनुसूचित व्यवसायों में अकुशल श्रमिकों के वेतन की न्यूनतम दर रु0 **350/–** से बढ़ा कर **375/–** प्रतिदिन या रु0 **11,250/–** की दर से पुनर्निर्धारित की गई है जिसकी अधिसूचना सरकार द्वारा कर दी गई है। यह दर बढ़ौतरी अर्ध–कुशल, कुशल तथा उच्च कुशल कामगारों को **01–04–2023** से देय है। जिन अनुसूचित व्यवसायों में बढ़ौतरी की है वे निम्न प्रकार से हैं:–

1. कृषि
2. सड़क और भवन निर्माण पत्थर पिसाई क्रशिंग/पत्थर तुड़ान
3. फौरेस्टरी एवं टिम्बरिंग ऑप्रेशन
4. पब्लिक मोटर ट्रांसपोर्ट
5. दुकान एवं वाणिज्य संस्थानों के व्यवसाय
6. रसायन एवं रसायन उत्पाद
7. इन्जीनियरिंग उद्योग
8. चाय बागान

9. विनिर्माण क्रिया में नियोजन जो कि कारखाना अधिनियम, 1948 की धारा–2 के खण्ड (क) में परिभाषित।
10. होटल/रेस्तरां
11. निजी शैक्षणिक संस्थान
12. हाइड्रो विद्युत परियोजनाएं
13. फार्मास्यूटिकल उद्योग
14. अस्पताल, नर्सिंग होम एवं क्लिनिक
15. घरेलू कामगार
16. सफाई कर्मचारी नियोजन
17. सुरक्षा सेवाएं
18. मंदिर और धार्मिक स्थान/धर्मशालाएं
19. टोल टैक्स बैरियरों में कार्यरत कामगार
20. इसके अतिरिक्त सुरंग के अन्दर कार्यरत कामगारों की मजदूरी की न्यूनतम वेतन की दरों पर 20 प्रतिशत बढ़ौतरी देय है।
21. हिमाचल प्रदेश के गैर जन–जातीय क्षेत्रों में 'निर्माणाधीन जल विद्युत परियोजनाओं' में कार्यरत सभी श्रेणी के कामगारों को न्यूनतम वेतन पर 25 प्रतिशत की बढ़ौतरी देय है।
22. हिमाचल प्रदेश के जन–जातीय क्षेत्रों में कार्यरत सभी श्रेणी के कामगारों को न्यूनतम वेतन पर 25 प्रतिशत की बढ़ौतरी देय है। अगर निर्माणाधीन जल विद्युत परियोजनाएं जन–जातीय क्षेत्र में हैं तो इसमें कार्यरत सभी श्रेणी के कामगारों को न्यूनतम वेतन दरों पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त बढ़ौतरी देय है।
23. महिला–पुरुष कामगारों को समान कार्य के लिए (व्यस्क या अव्यस्क) एक समान वेतन निर्धारण किया गया है।

उपरोक्त सभी अनुसूचित व्यवसायों में कार्यरत कामगारों को न्यूनतम वेतन का भुगतान सुनिश्चित करने के लिये सरकार ने श्रम खण्ड के अधिकारियों एवं निरीक्षकों के अतिरिक्त समस्त तहसीलदारों (महाल) एवं जिला रोजगार अधिकारियों को तथा सांख्यिकीय सहायक (श्रम) को भी "निरीक्षक" नियुक्त किया है। यदि निरीक्षक स्तर पर न्यूनतम वेतन एवं वेतन भुगतान सम्बन्धी शिकायतों का समय पर निपटारा नहीं होता है तो सरकार ने अपने–अपने क्षेत्रों में सभी न्यायिक दण्डाधिकारी (मैजिस्ट्रेटों)/सिविल न्यायाधीशों को न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत सुनवाई करने और निर्णय करने के लिए प्राधिकारी नियुक्त किया है ताकि वे न्यूनतम वेतन सम्बन्धी वेतन दावों का निपटारा कर सकें।

कामगारों को समय–समय पर देय वेतन का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने अपने–अपने क्षेत्रों में सभी न्यायिक दण्डाधिकारी (मैजिस्ट्रेटों)/सिविल न्यायाधीशों को वेतन भुगतान अधिनियम, 1936 के अन्तर्गत प्राधिकारी नियुक्त किया है, जिसके फलस्वरूप प्रभावित कामगार अपनी शिकायत दायर करके निपटारा करवा सकते हैं।

बन्धुआ मजदूरों के पुनर्वास के लिये योजना बनाना

बन्धुआ मजदूरों के पुनर्वास के लिये योजना बनाई गई है। बन्धुआ मजदूर अधिनियम, 1976 की धारा 13 के अन्तर्गत सभी जिला तथा उप–मण्डल स्तर पर बन्धुआ मजदूरी से सम्बन्धित शिकायतों का निपटारा करने के लिए सतर्कता समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के किसी भी जिले में इस वर्ष बन्धुआ मजदूर का कोई भी मामला नहीं पाया गया है।

बाल श्रमिकों का उन्मूलन कार्यक्रम

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा बाल श्रमिक प्रथा के उन्मूलन के लिए प्रदेश के 10 अन्य विभागों के अधिकारियों को बाल श्रमिक अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत निरीक्षक की शक्तियां प्रदान की गई हैं, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :–

क्रम सं0	अधिकारी का नाम/पद	विभाग का नाम
1	2	3
1.	समस्त उप–मण्डल अधिकारी, हि0प्र0	राजस्व
2.	आयुक्त नगर निगम, शिमला	स्थानीय निकाय
3.	समस्त खण्ड विकास अधिकारी, हि0प्र0	आर.डी. व पंचायती राज
4.	समस्त तहसीलदार/नायब तहसीलदार, हि0 प्र0	राजस्व
5.	समस्त महाप्रबन्धक/प्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र, हि0 प्र0	उद्योग
6.	समस्त श्रम अधिकारी, हि0 प्र0	श्रम एवं रोजगार
7.	समस्त जिला रोजगार अधिकारी, हि0 प्र0	–उक्त–
8.	समस्त कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद्/नगर पंचायत हि0 प्र0।	स्थानीय निकाय
9.	समस्त हैड कांस्टेबल एवं उससे ऊपर के पुलिस अधिकारी, हि0 प्र0।	पुलिस
10.	समस्त जिला/तहसील कल्याण अधिकारी, हि0 प्र0	समाजिक न्याय एवं अधिकारिता
11.	समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी, हि0 प्र0	–उक्त–
12.	समस्त बाल विकास एवं परियोजना अधिकारी, हि0 प्र0	–उक्त–
13.	समस्त पंचायत निरीक्षक, हि0 प्र0	आर.डी. व पंचायती राज
14.	समस्त जिला/सहायक पर्यटन विकास अधिकारी, हि0 प्र0	पर्यटन
15.	स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम	स्थानीय निकाय
16.	समस्त जिला/सहायक खाद्य एवं आपूर्ति नियन्त्रक	खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति
17.	समस्त माप एवं तोल निरीक्षक, हि0 प्र0	माप एवं तोल
18.	आबकारी एवं कराधान अधिकारी/आबकारी निरीक्षक, हि0 प्र0	आबकारी एवं कराधान

भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 1996

भवन व अन्य सन्निर्माण गतिविधियों में कार्यरत मजदूरों के कल्याण हेतु सरकार ने राज्य में भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 1996 के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश भवन व अन्य निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा शर्तों का विनियम) नियम, 2008 बनाये हैं, जिन्हें दिनांक 4–12–2008 को अधिसूचित किया गया है। राज्य सरकार ने अधिनियम की धारा–18 के अन्तर्गत भवन व अन्य निर्माण कार्य में लगे कर्मकारों के कल्याण हेतु हि0 प्र0 भवन व अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड का गठन दिनांक 5–3–2009 को किया गया है। यह बोर्ड भवन व निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को पैंशन सुविधा, प्रसूती लाभ, मकान की खरीद अथवा निर्माण हेतु अग्रिम राशि, अपंगता पैंशन, औजार खरीदने हेतु ऋण, अन्तिम संस्कार सहायता, मृत्यु प्रसुविधा लाभ, चिकित्सा सहायता, शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता, शादी हेतु वित्तीय सहायता, पारिवारिक पैंशन एवं व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना, भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकारों के लिए पारगमन आवास सुविधा और महिला कामगार लाभार्थी के स्वयं पति/पत्नी और दो बच्चों तक कौशल विकास भत्ता इत्यादि कल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत लाभ प्रदान करता है। भवन व अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम, 1996 और उसके अन्तर्गत नियम केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाये गये हैं। इस अधिनियम के अनुसार जो भी भवन व अन्य सन्निर्माण सम्बन्धित कार्य होंगे उनके कुल व्यय का 1 प्रतिशत उपकर उपरोक्त कल्याण बोर्ड में जमा होगा तथा इस कल्याण निधि से उपरोक्त

लाभकारी योजनाओं का संचालन सुनिश्चित किया जाता है। प्रत्येक कामगार जिसने पूर्व 12 मास के दौरान 90 दिन या अधिक दिनों तक भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्य किया हो वह बोर्ड के साथ पंजीकृत होने एवं लाभ प्राप्त करने के पात्र है और जिस कामगार ने पिछले 12 मास के दौरान 90 दिन या उससे अधिक मनरेगा में कार्य किया हो वह भी बोर्ड के साथ पंजीकृत होने एवं लाभ प्राप्त करने के पात्र हैं।

कामगारों को पहचान पत्र प्रदान करना

श्रम विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी औद्योगिक इकाइयों व निर्माणाधीन विद्युत परियोजनाओं में कामगारों व ठेका श्रमिकों को कारखाना व परियोजना के प्रबन्धक पहचान–पत्र कामगारों को जारी कर रहे हैं जिनका सत्यापन सम्बन्धित श्रम अधिकारी द्वारा किया जाता है। पहचान–पत्रों को प्रदान करने के लिए हिमाचल प्रदेश न्यूनतम वेतन नियम, हिमाचल प्रदेश श्रम ठेका नियम, हिमाचल प्रदेश अन्तर्राज्य प्रवासी कामगार नियम तथा औद्योगिक रोजगार (स्थाई आदेश) नियम में संशोधन किया गया है जिसमें कामगारों को पहचान–पत्र जारी करना सुनिश्चित किया गया है।

कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952

क्षेत्रीय कर्मचारी भविष्य निधि आयुक्त का कार्यालय, शिमला में स्थित है। इस योजना के अन्तर्गत कारखाने तथा संस्थानों के कर्मचारियों द्वारा आवश्यक भविष्य निधि में अंशदान का प्रावधान है। यह अधिनियम उन कारखानों व प्रतिष्ठानों में कर्मचारियों के लिये अनिवार्य रूप से लागू है, जिन कारखानों व प्रतिष्ठानों में कामगारों की संख्या 20 या इससे अधिक है तथा **15000/–** रुपये मासिक वेतन वाले कर्मचारी इस योजना के अन्तर्गत शामिल किये जाते हैं। उक्त अधिनियम के प्रावधान हिमाचल प्रदेश में **30,888** औद्योगिक संस्थानों में लागू है तथा **21,03,641** कामगारों को उक्त अधिनियम के अन्तर्गत सामाजिक सुरक्षा प्रदान कि जा रही है। यह सूचना क्षेत्रीय कर्मचारी भविष्य निधि के कार्यालय, शिमला द्वारा प्रदान की गई है। इस अधिनियम का कार्यान्वयन क्षेत्रीय कर्मचारी भविष्य निधि आयुक्त, हिमाचल प्रदेश द्वारा किया जाता है।

कर्मचारी राज्य बीमा योजना अधिनियम, 1948

क्षेत्रीय निदेशक ई0एस0आई0 कॉरपोरेशन का कार्यालय बद्दी (ई0एस0आई0 कॉम्पलैक्स) में स्थित है। यह अधिनियम योजना में लाये गये कर्मचारियों और उनके परिवारों को बीमारी में निशुल्क: चिकित्सा और प्रसुति तथा व्यवसाय के कारण अपंगता व मृत्यु हो जाने पर आर्थिक सहायता प्रदान करता है। यह अधिनियम साल भर चलने वाले उद्योगों, जहां पर 20 या उससे अधिक श्रमिक कार्य करते हैं, पर लागू है। यह खानों तथा रेलवे शैडों में लागू नहीं होता। जिन श्रमिकों का मासिक वेतन **21,000/–** रुपये व इससे कम है वह इसके अन्तर्गत आते हैं। यह योजना कर्मचारियों व मालिकों के अंशदान से चलाई जाती है तथा कुल व्यय का 1/8 भाग प्रदेश सरकार देती है। यह योजना हिमाचल प्रदेश के सात जिलों शिमला, सोलन, सिरमौर, मण्डी, ऊना, बिलासपुर तथा कांगड़ा में लागू है। कर्मचारी राज्य बीमा योजना अधिनियम, 1948 के प्रावधान हिमाचल प्रदेश में **11,042** औद्योगिक संस्थानों में लागू है तथा **3,05,720** कामगारों को उक्त अधिनियमों के अन्तर्गत सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है। इस अधिनियम का कार्यान्वयन ई0एस0आई0सी0 द्वारा किया जाता है।

कामगारों के लिए शिक्षा योजना

हिमाचल प्रदेश में कार्यरत कामगारों को शिक्षा देने का कार्य क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय कामगार शिक्षा बोर्ड, परवाणु द्वारा किया जाता है। श्रमायुक्त, हिमाचल प्रदेश इस बोर्ड के अध्यक्ष हैं। कामगारों को श्रम अधिनियमों एवं नियमों में निहित सेवा शर्तें, सुरक्षा, कल्याण, सामाजिक सुरक्षा सम्बन्धित प्रावधानों के बारे में अवगत करवाना तथा उत्पादकता, औद्योगिक सम्बन्ध और दायित्व एवं कर्त्तव्यों के बारे में शिक्षित करना आवश्यक है। कामगारों को उनके कर्त्तव्यों व अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिये केन्द्रीय संचालित योजना के अधीन शिक्षित किया जाता है। कामगारों को शिक्षित करके दोहरे लाभ की आशा की जा सकती है। एक तो इससे कार्यकुशलता व उत्पादन को बढावा मिलता है तथा साथ ही यह शिक्षा दी जाती है कि वे कामगार संगठनों में अपनी भलाई के लिये कारगर रूप में इस तरह से काम करें कि उनको अधिकतम लाभ हो।

असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पैंशन योजना

प्रधानमंत्री श्रम योगी मान–धन पैंशन योजना असंगठित क्षेत्र के कामगारो के कल्याण के लिए 15 फरवरी, 2019 को भारत सरकार द्वारा शुरू की गई। इस योजना का विधिवत उद्घाटन हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्य मंत्री द्वारा 5 मार्च, 2019 को मण्डी में राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करते हुए योजना को शुरु करने की विधिवत घोषणा की गई। पात्र लाभार्थियों को जागरूकता शिविरों के माध्यम से ब्रोशर प्रदान कर उन्हें लोक मित्र केन्द्रों में मुफ्त पंजीकरण करवाने का आग्रह किया गया और उक्त पैंशन योजना को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया। आठ क्षेत्रीय भाषाओं में जिंगल के माध्यम से भी हिमाचल प्रदेश के समाचार चैनलों द्वारा प्रसारित कर योजना पर प्रकाश डाला गया। दिनांक 23–06–2023 तक असंगठित क्षेत्र में 47,524 श्रमिकों को प्रधानमंत्री पैंशन योजना के तहत पंजीकृत किया गया है।

योजना की पात्रता:

1. घरेलू कामगार, बोझ उठाने वाले, भट्टे पर काम करने वाले, मोची कचरा उठाने वाले, धोबी, फेरी वाले, कृषक कामगार, भवन निर्माण कार्य के कामगार, हस्तकला/हतकरघा, चर्म, आडियो/वीडियो कार्य/मिड–डे मील कार्यकर्ता/स्वयं रोजगार एवं मनरेगा व समान अन्य व्यवसाय में कार्यरत व्यक्ति इस योजना के पात्र हैं।
2. पंजीकरण की आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य है तथा लोक मित्र केन्द्रों में लाभार्थियों का मुफ्त पंजीकरण किया जाता है।
3. अधिकतम मासिक आय 15,000 रुपये माह या उससे कम है
4. ई.एस.आई ई.पी.एफ., आयकरदाता व पैंशन धारी पात्र नहीं हैं

योजना का लाभ:

1. पंजीकृत कामगार को 60 वर्ष पूर्ण होने पर 3000/– रुपये प्रतिमाह पैंशन सुनिश्चित है
2. पंजीकृत कामगार की मृत्यु के उपरान्त उसके आश्रित पति/पत्नी को 50 प्रतिशत पैंशन

मासिक अंशदान:

1. न्यूनतम 55/– रुपये अधिकतम 200/– रुपये (आयु अनुसार)
2. मासिक अंशदान का बराबर भाग भारत सरकार द्वारा वहन किया जायेगा
   प्रधानमंत्री श्रम योगी मान–धन पैंशन योजना की तरह एक नई योजना जिसमें लघु उद्यमी व स्व–रोजगार व्यक्तियों के लिए भी केन्द्र सरकार द्वारा एन.पी.एस.–टी (NPS-T) योजना शुरु की गई।

अध्याय–5

श्रम न्यायालय एवं औद्योगिक न्याय प्राधिकरण

औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अन्तर्गत औद्योगिक विवादों का न्यायिक निर्णय करने के लिये हिमाचल प्रदेश सरकार ने दो श्रम न्यायालय एवं औद्योगिक न्याय प्राधिकरण स्थापित किये हैं। एक श्रम न्यायालय एवं औद्योगिक न्याय प्राधिकरण शिमला में स्थापित है जिसका कार्यक्षेत्र जिला शिमला, किन्नौर, सोलन, सिरमौर तथा लाहौल–स्पीति का काजा उप–मण्डल है तथा दूसरा श्रम न्यायालय एवं औद्योगिक न्याय प्राधिकरण धर्मशाला में स्थापित किया गया है जिसका कार्यक्षेत्र जिला कांगड़ा, चम्बा, ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, मण्डी, कुल्लू तथा लाहौल–स्पीति का लाहौल भाग शामिल है। इन न्यायालयों में औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद के बराबर के एक–एक स्वतन्त्र पीठासीन अधिकारी नियुक्त किये गए हैं।

इन न्यायालयों में निम्न अधिकारी व कर्मचारी नियुक्त किये गए हैं:–

क्रमांक	पदनाम	संख्या
1.	पीठासीन अधिकारी	2
2.	वरिष्ठ आशुलिपिक	1
3.	स्टैनो टाईपिस्ट	1
4.	वरिष्ठ सहायक–कम–रीडर	2
5.	अहलमद	2
6.	चालक	2
7.	दफ्तरी	2
8.	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	3
9.	स्वीपर–कम–चौकीदार	1

इन न्यायालयों की स्थापना मजदूरों तथा प्रबन्धकों के बीच होने वाले विवादों को निपटाने के लिए औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अन्तर्गत की गई है। मजदूरों और प्रबन्धकों के बीच होने वाले विवादों को श्रम विभाग इन न्यायालयों एवं न्याय प्राधिकरणों को न्याय निर्णय हेतु अधिसूचित करता है। इसके अतिरिक्त कामगार देय राशि भुगतान प्राप्त करने के लिए प्रार्थना–पत्र सीधे तौर पर औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 33 (सी) (2) के अन्तर्गत दिये गए प्रावधानों के अनुरूप श्रम न्यायालय में दायर कर सकते हैं। हिमाचल प्रदेश में श्रम न्यायालयों को औद्योगिक प्राधिकरण की शक्तियां दी गई हैं जबकि कई अन्य राज्यों में श्रम न्यायालय और औद्योगिक प्राधिकरण अलग–अलग हैं। श्रम न्यायालय एवं औद्योगिक प्राधिकरण, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के अन्तर्गत दावों पर भी निर्णय करता है।

उपरोक्त न्यायालय हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं तहसीलों में जाकर भी प्रदेश के मजदूरों के दावों की सुनवाई करके न्याय प्रदान करते हैं क्योंकि कामगार जो दूर–दराज के क्षेत्रों में कार्यरत हैं, अपने मुकद्दमों की पैरवी के लिये शिमला/धर्मशाला नहीं आ सकते हैं। सरकार श्रम कानूनों को लागू करने के लिये प्रतिबद्ध है, ताकि मजदूरों को न्याय मिल सके। यह न्यायालय मजदूरों को शीघ्र एवं सस्ता न्याय देने का भरपूर प्रयास कर रहे हैं।

1–4–2022 से 31–3–2023 तक श्रम न्यायालयों द्वारा किये गये कार्य का विवरण निम्न प्रकार से है :–

क्रमांक	विवरण	सन्दर्भ	आवेदन	जोड़
1.	31–03–2022 को लम्बित मामले	2084	647	2731
2.	1–4–2022 से 31–3–2023 तक प्राप्त मामले	184	532	716
3.	31–03–2023 तक कुल मामले	2268	1179	3447
4.	1–4–2022 से 31–3–2023 तक निपटाये गये मामले	580	559	1139
5.	31–3–2023 तक लम्बित मामले	1688	620	2308

विभाग में वर्ष 1994 में विधि सहायक का पद उपलब्ध करवाया गया जो कि वर्ष 2007 में विधि अधिकारी (राजपत्रित, श्रेणी-II) के नाम से पुनः नामित किया गया। तदनुसार निदेशालय स्तर पर एक विधि कक्ष की स्थापना की गई जो कि माननीय न्यायालय के मामलों में एवं शाखा अधिकारी की आवश्यकता अनुसार कानूनी सलाह प्रदान करने हेतु उत्तरदायी है। विभाग में विधि अधिकारी का एकमात्र पद है और उसे सरकारी स्तर पर सरकार तथा श्रम एवं रोज़गार विभाग से सम्बन्धित सभी मामलों को देखना होता है। दिनांक 01–04–2022 से 31–03–2023 की अवधि के दौरान विभिन्न न्यायालयों से कुल 122 मामले विधि अधिकारी को प्राप्त हुये।

दिनांक 01–04–2022 से 31–03–2023 तक निदेशालय, श्रम एवं रोजगार, हि0 प्र0 के न्यायालय में मामलों का विवरण:–

क्रमांक	माननीय न्यायालय का नाम	31–03–2022 तक प्राप्त कुल मामले	01–04–2022 से 31–03–2023 तक कुल मामले	31–03–2023 तक प्राप्त कुल मामले	31–03–2023 तक कुल निपटाये गये मामले	31–03–2023 को कुल लम्बित मामले
1.	उच्चतम न्यायालय	42	1	43	26	17
2.	हि0 प्र0 उच्च न्यायालय	1137	117	1254	806	448
3.	हि0 प्र0 प्रशासनिक प्राधिकरण	157	0	157	58	99
4.	अवर श्रेणी न्यायालय	38	4	42	6	36
	कुल	**1374**	122	**1496**	**896**	**600**

अध्यादेश के माध्यम से श्रम कानूनों में संशोधन

भारत सरकार के अधीन श्रम मंत्रालय के दिशा निर्देशानुसार अध्यादेश के माध्यम से निम्नलिखित केन्द्रीय श्रम कानूनों में बिनेस रिफार्म एक्शन प्लान के तहत संशोधन किया गया है तथा तत्पश्चात् लागू भी कर दिया गया है।

1. औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947
2. श्रम ठेका (विनियम एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970

कारखाना अधिनियम, 1948

औद्योगिक रोजगार (स्थायी आदेश) 1973 और संशोधन नियम, 1991 में संशोधन करके फिक्सड टर्म एम्प्लॉयमेंट को समाविष्ट करने के लिए संशोधन प्रस्ताव तैयार कर प्रशासनिक विभाग को भेजा गया है जो कि वर्तमान में राज्य सरकार के विचाराधीन है।

हिमाचल प्रदेश ईज ऑफ कम्प्लाइन्स टू मेन्टेन रजिस्टर अंडर वेरियस लेबर लॉज नियम, 2019 जो कि केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार बनाए गए हैं जिनमें श्रम कानूनों के अन्तर्गत रजिस्टरों की संख्या को 55 से घटाकर 4 करने का प्रावधान निहित है, उसका प्रारूप प्रस्ताव प्रशासनिक विभाग को भेजा गया है जोकि आगामी कार्यवाही हेतु राज्य सरकार के विचाराधीन है।

अध्याय–6

Budget & Actual Expenditure Statement Figures Demand No. 27- Labour and Employment & training					
Sr. No.	Head of Account	Sanctioned Budget 2022-23		Acutal Expenditure 2022-23	
		PLAN	NON-PLAN	PLAN	NON-PLAN
1.	2230-Labour & Employment, 01-Labour, 001-Direction and Administration, 01-Staff at the Headquarter.				
		0	14594900	0	14225667

2.	2230-Labour & Employment, 01-Labour, 101-Industrial Relations, 01-Enforcement of Labour Laws.				
		0	56802000	0	55887356
3.	2230-Labour & Employment, 01-Labour, 101-Industrial Relations, 02-Settlement of Disputes.				
		0	15699705	0	14139024
4.	2230-Labour & Employment, 01-Labour, 101-Industrial Relations, 03-Wage Board.				
		0	11000	0	9323
5.	2230-Labour & Employment, 01-Labour, 102-Working Condition and Safety, 01-Inspectorate of Factories.				
		0	1262818	0	1150110
6.	2230-Labour & Employment, 02- Employment, 001-Direction and Administration, 01-Staff at the Directorate of Employment.				
		0	9404832	0	9372815
7.	2230-Labour & Employment, 02- Employment, 004-Reaserch & Survey, 01-Collection of EMI.				
		0	5974912	0	5829562
8.	2230-Labour & Employment, 02- Employment, 101-Employment Service, 01-Extension Coverage of Employment Service.				
		0	119028000	0	118405404
9.	2230-Labour & Employment, 02- Employment, 101-Employment Service, 02-Vocational Guidance & Employment Counseling.				
		0	4932578	0	4522015
10.	2230-Labour & Employment, 02- Employment, 101-Employment Service, 03-University Employment Information & Guidance Bureau.				
		0	1237000	0	1243077
11.	2230-Labour & Employment, 02- Employment, 101-Employment Service, 05-Special Emploment Exchanges for Schedule Caste.				
		0	763935	0	760479
12.	2230-Labour & Employment, 03- Training, 003-Training of Craftsmen & Supervisors, 09-Skill Development Allowance.				
		517365340	0	339617727	
